# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 05 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल 6– मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 120 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ हाड़ कापने वाली सर्दी से बचने के लिए इन बीचेज पर धूम आएं,गर्मी का होगा एहसास

जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहते राम गोपाल वर्मा ◀◀ 6


# कार और बस में टक्कर, यात्री बस पलटी, 22 गंभीर

**● तपकारा से रांची जा रही थी फिजा एंड फिजा नामक यात्री बस ● चंद्रपुर मोड़ के पास बस से टकराकर पलटी कार**

**मेट्रो रेज**

**खूंटी:** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के चंद्रपुर मोड़ के पास आज सुबह लगभग नौ बजे कार और यात्री बस के बीच हुई टक्कर के बाद बस के पलट जाने से 22 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बस पर सवार एक व्यक्ति का हाथ कटकर बस में ही रह गया। सभी घायलों का तोरपा रेफरल अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार फिजा एंड फिजा नामक यात्री बस तपकारा से रांची जा रही थी।





चंद्रपुर मोड़ के पास बस से टकराकर एक कार पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और फोन कर खूंटी और तोरपा के सभी एंबुलेंस को बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा। बाद में खुद रेफरल अस्पताल पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजने में मदद की। दुर्घटना में राहिल भेंगरा और अनिमा भेंगरा, कमड़ा. निवासी, राहिल एंजेला टूटी रनिया, निमुंती टोपनो शांति नगर तोरपा, सुनीता बारला खुदीवीर, शेख राजू रांची, साहिन खातून तपकरा अकबर अंसारी जैना मोड़, संतोषी टोपनो गुटुहातू, संगीता गुड़िया जयपुर, विनय आईंद, शांति सोय जयपुर, नियरजन बरजो रनिया, निमुंती टोपनो, शिवानी हेमरोम, गटुहातू, छोटन आईंद उयूर गुड़िया, कोनुएंट गुड़िया तपकरा, दीपक कुमार कोकर, रांची, साहिल अंसारी रांची और शाहबाज अंसारी रांची शामिल हैं।

रेफरल अस्पताल में नहीं था कोई डॉक्टर, आयुष चिकित्सक ने किया इलाजः रेफरल अस्पताल में बदइंतजामी कोई नई बात नहीं है। लेकिन स्थिति उस समय और तकलीफदेह हो जाती है, जब कोई दुर्घटना होती है और इलाज के लिए अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं मिलता है। दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक लोगों को आज सुबह अस्पताल लाया गया और आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ संजय ने घायलों का इलाज किया। आयुष चिकित्सक डॉ संजय रनिया में पदस्थापित हैं। उन्हें आपातकालीन स्थिति के लिए रेफरल अस्पताल बुलाया गया था। घायल के परिजनों का कहना है कि रेफरल हॉस्पिटल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है और वहां किसी एमबीबीएस डॉक्टर का नहीं रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों ने इसकी शिकायत विधायक सुदीप गुड़िया और सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी से भी की। अस्पताल के कर्मचारियों से भी स्वीकार किया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिदेन मुंडू हमेशा अस्पताल से गायब रहते हैं। वे रांची में रहते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नहीं रहने से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है।

## कोहरे ने रोकी रफ्तार : दिल्ली एयरपोर्ट पर 6 फ्लाइट कैंसिल, 110 से ज्यादा लेट, 80 ट्रेनें घंटों देर से चली

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड और कोहरे का कहर जारी है। रविवार सुबह राजधानी में कोहरे की मोटी चादर छाई रही, जिससे फ्लाइट और रेल सेवाएं बाधित हुईं। कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कई फ्लाइट्स देरी से चल रही हैं। वहीं, सुबह के समय शीतलहर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर एडवाइजरी जारी कर कहा, ह्लदिल्ली हवाई अड्डे पर लैंडिंग और टेक-ऑफ जारी है, लेकिन कैट 111 मानकों का पालन न करने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे फ्लाइट संबंधी ताजा जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है। दिल्ली-पुणे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट के करीब 200 यात्रियों को फ्लाइट में साढ़े सात घंटे तक बैठाए रखा गया। फ्लाइट (क-1176) को शुक्रवार को रात 9.40 बजे दिल्ली से उड़ान भरनी थी और रात 11.50 बजे पुणे में लैंडिंग होनी थी, लेकिन विमान आखिरकार शनिवार को सुबह 7.30 बजे दिल्ली से रवाना हुआ। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई उड़ानें देरी से चल रही है। कोहरे के कारण सुबह 8 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 6 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 114 उड़ानों में औसतन 18 मिनट की देरी हुई। इससे पहले शनिवार को भी एयरपोर्ट पर करीब 48 उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं और 564 उड़ानों में देरी हुई थी।

## बस्तर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, चार नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**बस्तरः** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। जिसमें चार नक्सली ढेर हो गए हैं। वहीं, डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है। मौके से एके-47 और एसएलआर जैसे ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर



कल शाम 6 बजे से मुठभेड़ चल रही है। डीआरजी और एसटीएफ के जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है। जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के प्रधान आरक्षक सन्नू कारम बलिदान हुए हैं। ऑपरेशन में चार जिलों की डीआरजी और एसटीएफ शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर दक्षिण अबूझमाड़ के जंगल में शनिवार शाम को उस समय गोलीबारी शुरू हो गई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# अबुआ बजट

**आईए, अपना बजट बनाएं:**

झारखण्ड राज्य बजट 2025-26 के लिए आम जनता का बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करने के लिए अबुआ बजट पोर्टल और मोबाईल ऐप प्रारम्भ किया गया है। तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17-01-2025 है।

**ऐसे भेजे सुझाव:**

- अबुआ बजट पोर्टल (https://finance.jharkhand.gov.in/BudgetVichar) अथवा अबुआ बजट मोबाईल ऐप पर स्वयं को पंजीकृत करें।
- होम पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर अपना मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल भरें एवं ओटीपी जेनरेट करने के लिए क्लिक करें और अपना पंजीकरण करें।
- मोबाइल पर आये हुए ओटीपी एवं स्क्रीन पर दिखाये गए कैप्चा कोड को उसके स्थान पर भरें एवं रजिस्ट्रेशन पेज में प्रवेश करें।
- रजिस्ट्रेशन पेज में मांगे गए विवरण को भर कर सुरक्षित (Save) करें।
- संबन्धित विभाग/क्षेत्र का चयन कर अपना बहुमूल्य सुझाव पोस्ट करें।
- Footnote में अंकित Social Media पेज यथा फेसबुक, X, व्हाट्सएप, इन्स्टाग्राम अथवा ई-मेल के माध्यम से भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं।

**पोर्टल तथा मोबाइल ऐप का शुभारम्भ**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के द्वारा दिनांक 05.01.2025 (रविवार) को मध्याह्न 12:00 बजे होगा।





PR- 343608(Finance)24-25

https://finance.jharkhand.gov.in/BudgetVichar https://www.facebook.com/abuabudget

वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार

@AbuaBudget +91 8742887660 https://www.instagram.com/abuabudget abuabudget@gmail.com

## अपनी बची खूची साख भी बरबाद करने पर तुले हैं लालू - तेजस्वी : संतोष सोनी



**रांची:** जनता दल यू का एनडीए गठबंधन से निकलकर इंडिया गठबंधन में जाने की बात बिल्कुल हीं निराधार है। और यह लालू और उनके पुत्र तेजस्वी के दिमाग की उपज है। बिहार के मुख्यमंत्री जिस नीतीश को निशाना बनाकर यह खेल खेला गया उन्होंने हीं इस बात को सिरे से खारीज कर दी है। असल में बिहार में राजद का आस्तित्व खत्म हो रहा है इसलिए लालू परिवार अपनी आपा खोकर ऐसी बातें करके अपनी भद्द खुद पीटवा रहा है। उक्त बातें जदयू के प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सोनी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का हवाला देते हुए दी है। उन्होंने कहा ऐसा करके लालू तेजस्वी बिहार में अपनी दिवालियापन का परिचय दे रहें हैं। पिता पुत्र दोनों का हीं बिहार में सफाया हो चूका है अब भाजपा और प्रधानमंत्री की आड़ में अपनी बची खूची साख को भी बरबाद करने में पड़ें हैं।



## गर्म साइलेंसर पर पेट्रोल गिरते ही बाइक जलकर हुई राख

**गुमला :** जिला मुख्यालय से लगभग दस किलोमीटर दूर स्थित पेट्रोल पंप में रांची से गुमला आ रहे दो अज्ञात बाइक सवारों को उक्त पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाना पड़ा काफी महंगा। घटना हुआ यूं है कि उक्त दोनों व्यक्ति अपने बाइक में पेट्रोल भरवा रहे थे। इसी क्रम में थोड़ा सा पेट्रोल उक्त मोटरसाइकिल के साइलेंसर पर गिरा और साइलेंसर गर्म होने के कारण एकाएक उक्त स्थान पर आग लग गई, उक्त दोनों अज्ञात व्यक्तियों ने अपने मोटरसाइकिल से कूद कर अपनी जान बचाई, और काफी मशक्कत के बाद उक्त जलते हुए मोटरसाइकिल को उक्त पेट्रोल पंप से दूर हटाया गया। नहीं तो बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया की देखते ही देखते उक्त मोटरसाइकिल जलकर हुआ राख, बचा तो मात्र उक्त मोटरसाइकिल के लोहे का ढ़ांचा।

## जिला पुलिस कप्तान ने प्रोन्नत पुलिस निरीक्षक को बैच पहनाकर किया सम्मानित

**गुमला:** जिला पुलिस कप्तान शम्भू कुमार सिंह, ने अपने गुमला




समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक, गुमला द्वारा पुलिस उपाधीक्षक , गुमला, परिचारी प्रवर एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में नव प्रोन्नत पुलिस निरीक्षक शंकर लकड़ा को कंधा बैच पहनाकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी गई।

## मवेशी लदा पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त, सात किसान घायल



**गिरिडीह :** बिहार से मवेशी खरीदकर झारखंड लौट रहे किसानों का पिकअप वाहन गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के थंभाचक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन सड़क से 10 फिट दूर गड्ढे में गिरकर पलट गया। इस दुर्घटना में वाहन पर सवार 7 किसान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मवेशियों को भी चोट लगी है। बताया गया कि गिरिडीह के देवरी थाना क्षेत्र के कुछ किसान दुधारू गाय खरीदने के लिए बिहार के छपरा गए थे। मवेशी खरीदने के बाद वे लोग पिकअप वाहन में गाय और बछड़ा समेत चार मवेशियों को लोड कर खुद भी उसी गाड़ी पर सवार होकर गिरिडीह के लिए चल दिए। शनिवार की सुबह तिसरी के थंभाचक के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में देवरी के ढेंगाडीह निवासी अजय कुमार राणा, भरत वर्मा, राजेश वर्मा, नीरज वर्मा, श्याम बाबू, कृष्णा वर्मा व प्रभा राणा शामिल हैं।

## कड़ाके की ठंड से परेशानी

**मुरी:** पिछले कई दिनों से बढ़ते ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित तो हुआ ही है, साथ ही गरीब परिवार, मांग कर खाने वाले लोग, विक्षिप्त लोगो का जीवन चुनौतीपूर्ण हो गया है। कई ऐसे लोग भी है जो मांग कर गुजारा करते हैं और उनके शरीर को ढकने के लिए इस मौसम में गर्म कपड़ा भी नहीं है। इनमें एक महिला भी है जो सिल्ली बस स्टैंड के आसपास इधर-उधर घूमते रहती है। इसका रहने का कोई ठिकाना भी नहीं है। कहने को तो यहां पर कई परोपकारी और समाजसेवी भी रहते हैं लेकिन इन गरीबों का तन ढकने का हिम्मत किसी ने नहीं दिखाई है। इनका तकलीफ सुनने और देखने वाला कोई नहीं है। इन्हें समय पर भोजन भी नहीं मिल पाता है। काली मंदिर से लेकर बुंडू चौक तक अलाव की व्यवस्था भी न के बराबर है। सीओ मैडम अलाव की व्यवस्था कराने में फारमिलिटी आदेश जारी कर देती है पर स्वयं फील्ड में घुम कर जायजा नहीं लेती है। रेलवे क्षेत्र एवं सटे पब्लिक में कई गरीब बेसहारा शेड के नीचे ठिठुर कर रात गुजारते हैं। कभी कभी इसी ठिठुरन में किसी न किसी की मौत हो चुकी है। हाल ही में टाटा झारसुगुड़ा ट्रेन में एक वृद्ध व्यक्ति की ठंड से मौत हुई वहीं प्रखंड परिसर में अनजान वृद्ध आदमी ठंड से मर कर काफी देर तक लावारिस पड़ा रहा।

# उपहार देने के बहाने छह साल की मासूम से सामूहिक दुष्कर्म

**संवाददाता**

**बोकारो:** झारखंड में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां बोकारो जिले में छह साल की मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले तीनों लड़के नाबालिग हैं। उन्होंने बच्ची को खेलने के बहाने कमरे में बुलाया और उसे उपहार का लालच देकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। मामला तब सामने आया जब सामूहिक दुष्कर्म के अगले दिन बच्ची की तबीयत खराब हो गई। खुलासे के बाद परिजनों ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका इलाज चल रहा है। मामला बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के मखदूमपुर इलाके का है। यहां छह साल की



बच्ची के साथ तीन नाबालिग लड़के खेल रहे थे। खेलने के दौरान तीनों लड़कों ने बच्ची को उपहार का लालच दिया और उसे एक घर के कमरे में ले गए। कमरे में ले जाकर लड़कों ने बच्ची के हाथ-पैर बांध दिए और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद बच्ची की तबीयत खराब हो गई। बच्ची किसी तरह घर पहुंची जब लड़की लड़खड़ाते हुए चलने लगी तो परिजनों ने उससे पूछताछ की। पूछताछ के बाद लड़की ने दरिंदगी की पूरी कहानी बयां कर दी। मामले को लेकर मिली जानकारी के परिजनों ने देखा कि लड़की लड़खड़ाते हुए चल रही है । इस दौरान जब लड़की शौच के लिए गई तो दर्द से तड़पने लगी। बाद में परिजनों ने उससे पूछताछ की तो लड़की ने पूरी सच्चाई बता दी। इस मामले की जानकारी जब पुलिस को लगी तो उसने तीनों नाबालिग आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। लड़की की मेडिकल जांच करा ली गई है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि तीनों लड़कों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## मां ने डेढ़ साल की बेटी की गला रेताकर की हत्या

**गुमला:** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के बड़ा अजियातु गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सगी मां फूलमनी देवी ने अपनी मासूम डेढ़ साल की बेटी नीतू की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे की है। पुलिस ने आरोपी मां को जेल भेज दिया है। बच्ची के पिता ने बताया कि फूलमनी की मानसिक स्थिति 2018 से खराब है। इसके लिए वह नियमित दवा भी ले रही है। इस मामले में पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी मां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला। बच्ची के पिता कैलाश गोप ने बताया कि घटना के वक्त वह किचन में खाना बनाने में अपनी पत्नी फूलमनी की मदद कर रहे थे। उन्होंने पत्नी से बच्ची को तेल लगाने और गर्म कपड़े पहनाने को कहा। इसके बाद फूलमनी कमरे में चली गई। कुछ देर बाद बच्ची के चीखने की आवाज सुनाई दी। अंदर जाकर देखा तो फूलमनी ने सब्जी काटने वाले चाकू (बैठी) से बच्ची की गर्दन रेत दी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पूछताछ के बाद महिला को जेल भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। कैलाश ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू को जब्त कर लिया और आरोपी मां को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि बच्ची की हत्या की आरोपी मां फूलमनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सब्जी काटने वाले चाकू को जब्त कर लिया है। परिजनों ने बताया है कि फूलमनी देवी की मानसिक स्थिति खराब है। पुलिस जांच कर रही है।

# ई-जनशिकायत कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड के नागरिकों ने वीसी के माध्यम से साझा की अपनी समस्या



**संवाददाता**

**गुमला :** आज परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा की अध्यक्षता में ई-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को बताया।

कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड से लगभग 20 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, जॉब कार्ड, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। रीना हांसदा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से जाती प्रमाण पत्र बनाने के सम्बन्ध में कई नागरिक प्रखंड कार्यालय आये एवं वीसी से पूर्व ही प्रखंड स्तर पर ही उनकी समस्याओं का निवारण संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा कर दिया गया था। इसके अलावा भी कई समस्याओं जा समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित बीडीओ के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया । नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में सिंचाई के लिए सुविधाओं का अभाव, डीप बोरिंग की आवश्यकता, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती, नाली निर्माण, सोक पीट निर्माण सहित अन्य समस्याएं थी।।

रानी हांसदा ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया, इसके साथ ही पंचायत एवं ग्राम स्तरों की समस्याओं के निष्पादन हेतु ग्राम सभा करते हुए उक्त समस्याओं के निवारण करने के निर्देश दिए।

## मशहूर गायक जोड़ी कुमार गहलोत व कविता हीरो को मिला सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अवार्ड

**रांची:** रामगढ़ ब्लॉक स्थित होटल लॉ मार्टिन में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अवार्ड 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड के विभिन्न जिलों के सैकड़ो सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर ने अपने अपने गीतों की प्रस्तुति की।बतौर इस कार्यक्रम में मुख्यअथिति के तौर पर पूर्व महाधिवक्ता अजित कुमार एवं विशिष्ट अथिति के तौर पर छात्र क्लब कला संस्कृति एवं खेलकूद मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप)के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा सहित अनूप प्रकाश,पूजा साहू,सरिता पटेल श्रेय जैन,शोभा उरांव,प्रेम महतो व अन्य उपस्थित हुए।

मौके पर स्टेज शो के दौरान झारखंड के मशहूर सिंगर जोड़ी कुमार गेहलोत एवं कविता होरो को मंच पर सम्मान प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।इन दोंनो जोड़ियों की गीतों ने सभी लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।कार्यक्रम मे उपस्थित विशिष्ठ अतिथि शिव किशोर शर्मा ने बताया सोशल मीडिया के तहत गायक जोड़ी कुमार गेहलोत एवं कविता होरो विगत पाँच बरसों से लगातार झारखण्ड और झारखंड से बाहर लगातार स्टेज शो कर रहे है जिसे नागपुरी,हिंदी एलबाम, यू ट्यूब,इंस्ट्राग्राम,फेसबुक में भी देखा जा सकता है,संगीत प्रेमी कुमार गहलोत मेरी आवाज मेरी पहचान के संस्थापक अध्यक्ष एवं छात्र क्लब कला संस्कृति एवं खेलकूद मंच के संरक्षक भी हैं वहीं संस्था के अध्यक्ष संतोष महतो ने कहा कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से ही इन दोनों ने इस मुकाम तक पहुंचा है आगे उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को बढ़ावा देना चाहिए ताकि सभी कलाकार अच्छे प्रदर्शन कर देश एवं राज्यों का नाम रौशन कर सके।

# कड़ाके की ठंड के बीच 8वीं तक की कक्षाएं 13 जनवरी तक स्थगित



**रांची:** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए झारखंड में कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 7 से 13 जनवरी तक बंद रहेंगे। यह आदेश शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जारी किया गया। यह निर्देश सभी सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक और निजी स्कूलों पर लागू होगा। जारी आदेश के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक के सभी आवासीय विद्यालय सामान्य रूप से संचालित होंगे। हालांकि, सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को इस अवधि के दौरान प्रशासनिक कार्यों को करने के लिए नियमित रूप से उपस्थित रहना होगा, जिसमें यू-डीआईएसई प्लस 2024-25 डेटा एंट्री, अपार आईडी निर्माण और घरेलू सर्वेक्षण शामिल हैं। इसके अलावा, राज्य में तापमान में गिरावट के बीच, निवासियों ने अपने संबंधित जिला प्रशासन से स्कूल के समय को समायोजित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कड़ाके की ठंड में सुबह की कक्षाओं में भाग लेने वाले बच्चों को होने वाली कठिनाइयों का हवाला दिया है। झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और कई इलाकों में तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, खूंटी में सबसे कम तापमान 5.13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में पूरे राज्य में शुष्क मौसम रहा। आईएमडी ने तापमान में उतार-चढ़ाव देखा, कुछ इलाकों में सामान्य से कम तापमान और कुछ इलाकों में सामान्य से अधिक तापमान दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगले तीन दिनों में 2-4 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि की उम्मीद है। रविवार के पूवार्नुमान में सुबह में हल्का से मध्यम कोहरा और बाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। 6, 7, 8 और 9 जनवरी को भी इसी तरह की स्थिति रहने की उम्मीद है, सुबह कोहरे के बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। निवासियों को आने वाले दिनों में लगातार ठंड और कोहरे के मौसम के लिए तैयार रहने की सलाह दी जाती है।

## निकोटीन की लत से नींद न आना, चिड़चिड़ापन व अवसाद जैसी समस्या : जिला परामर्शी



**बोकारो :** बिरसा नर्सिंग कॉलेज चास में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार के द्वारा की गई। सेमिनार में जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बच्चों को अपने चर्चा के दौरान बताया कि तम्बाकू में पाया जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटीन से बच्चों में चिन्ता, नींद न आना, चिड़चिड़ापन एवं अवसाद जैसे गंभीर समस्यायें हो सकती हैं। जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि यदि आप तम्बाकू का सेवन करते है या आपके आसपास कोई सेवन करता है और वह तम्बाकू के लत को छोड़ना चाहता है और कई बार प्रयास करने पर भी नही छोड़ पाता है, तो उसे तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल के 13 नं0 ओ0पी0डी0 में भेजें ताकि उन्हें तम्बाकू छुड़ाने में मदद की जा सके। स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया तम्बाकू को एक लाईन में परिभाषित करें तो तम्बाकू का मतलब बीमारियों का भण्डार, चाहे आप इसे धुएं के शक्ल में लें या चबाकर खाये। यह मानव शरीर में जाकर विभिन्न प्रकार के बीमारियों को उत्पन्न करता है और फिर उस बीमारी से लोगों की मौत हो जाती है। इस लिये तम्बाकू मानव शरीर को धीरे धीरे खोखला करता है। हम सभी से अनुरोध करना चाहते है कि इस लत से बचें और एक जिम्मेदार नागरिक के नाते अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव से अवगत करायें। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार, जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, आरती कुमारी मिश्रा जिला कार्यक्रम सहायक सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# नवालशाही थाना प्रभारी ने आदिवासी समुदाय के बीच किया गर्म कंबल व खाद्य सामग्री का वितरण

**संवाददाता**

**कोडरमा:** इन दिनों कोडरमा जिले में ठंड अपने चरम पर है। आम जनता, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग, इस सर्द मौसम से काफी परेशान हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में नवलशाही थाना अंतर्गत सुदूरवर्ती ड़गरनवा पंचायत के ग्राम दलदल में आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत



नवलशाही थाना प्रभारी शशि भूषण सिंह एवं इनकी पत्नि चाहत भूषण सिंह के द्वारा दिन शनिवार को गर्म कम्बल, जूता- चपल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया, इस दौरान नवलशाही थाना प्रभारी शशि भूषण सिंह ने सुदूरवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोगों का हालचाल जाना। साथ ही उनलोगों के जीवन में आने वाले हर एक समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर कहा कि मानवता का सेवा ही सबसे बड़ा सेवा है। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा इस पहल से हमें बड़ी राहत मिली है। ठंड के कारण बाहर रहना मुश्किल हो रहा था, लेकिन अब गर्म कंबल की वजह से हम आराम महसूस कर रहे हैं। साथ ही लोगों ने इसे समाज सेवा की एक अद्भुत पहल बताया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही।

मंईयां सम्मान समारोह कल

# योजना के लाभुकों के खाते में सीएम ऑनलाइन ट्रांसफर करेंगे 5000 रुपए

**संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल यानी सोमवार (6 जनवरी 2025) को मंईयां सम्मान योजना की 56 लाख से अधिक लाभुकों के खाते में पांच-पांच हजार रुपए ट्रांसफर करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रमुख प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह जानकारी दी है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा हेमंत सोरेन सरकार की प्राथमिकता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और झारखंड की इंडिया गठबंधन सरकार का लक्ष्य है। झारखंड सरकार महिला सशक्तीकरण पर जोर दे रही है। सरकार ने प्रदेश की जनता से जो वादे किए हैं, सभी वादों को पूरा किया जाएगा।




चुनाव से पहले मंईयां सम्मान की राशि बढ़ाने का हुआ था फैसलाः सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सोमवार (6 जनवरी) को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एकमुश्त 5000 रुपए महिलाओं के खाते में ट्रांसफर करेंगे। दिसंबर और जनवरी की किस्त एक साथ उन्हें दी जाएगी। झामुमो प्रवक्ता ने कहा, हमलोगों ने दिसंबर 2024 से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि को 1,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए करने का वादा किया था। हम वो वादा पूरा करने जा रहे हैं। दिसंबर में कुछ लाभुकों के खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए थे। जिनके खाते में दिसंबर का पैसा नहीं गया है, उनके अकाउंट में 6 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक साथ 5000 रुपए डालेंगे।

नामकुम में होगा भव्य कार्यक्रम, 3-4 लाख महिलाएं होंगी शामिलः राजधानी रांची के नामकुम में आयोजित भव्य समारोह में हेमंत सोरेन मंईयां योजना की लाभुकों के खाते में पैसे ट्रांसफर करेंगे। कार्यक्रम 28 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद देश में 7 दिन के शोक की वजह से कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा था। 6 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी है। उपायुक्त और एसएसपी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया है। राज्य के सभी 24 जिलों से 3 से 4 लाख लाभुकों को रांची लाने की व्यवस्था की गई है।

# मुख्यमंत्री से मिले उपायुक्त नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**विनय मिश्रा**

**खूंटीः** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने माननीय मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में निर्मित विशिष्ट सामग्री भेंट की। मुख्यमंत्री ने सामग्री की प्रशंसा करते हुए खूंटी कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के उत्पादों को देश-विदेश में पहचान दिलाने के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने इन सामग्रियों की गुणवत्ता को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ हीं इससे जुड़े किसानों को शुभकामनाएं दी।



मुलाकात के दौरान, उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को खूंटी जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जिले के समग्र विकास में सहयोग का भरोसा जताया।

# मुख्यमंत्री से डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने की शिष्टाचार मुलाकात ,दी नववर्ष की शुभकामनाएं

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास कार्यालय में कार्मिक डीआइजी नौशाद आलम ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्मिक एवं डीआईजी नौशाद आलम ने पुष्पगुच्छ के साथ मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामना दी वहीं मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने डीआईजी की राज्य सरकार द्वारा निर्धारित बेहतर कार्य को पूर्ण दिशा और कारगर प्रयास की सराहना की। गौरतलब हो कि भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय आईपीएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाने वाले कार्मिक डीआईजी ने अपने कार्यकाल में महज एक वर्ष में ही बेहतर और उत्कृष्ट कार्य से विभाग और पुलिस को सशक्त और बेहतर पहचान दी है।



# ओडगा पुलिस के साथ मारपीट , मामला दर्ज

**जलडेगा :-** प्रखंड के ओडगा में पुलिस के साथ मारपीट करने की घटना सामने आयी है, मिली जानकारी के अनुसार ओडगा ओपी मे पदस्थापित एएसआई प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल गश्त में थी, इसी दरम्यान रात्रि आठ बजे के करीब सूचना मिली कि ओडगा बाजार मुस्लिम मोहल्ला में दो पक्षों के बीच लड़ाई झगड़ा हो रहा है तथा कुछ भी घटना घट सकती है, सुचना के बाद पुलिस ने मुस्लिम मोहल्ला जाकर दोनों पक्षों को शांत कराया तथा दोनों पक्षों को शांत कराने के बाद संकरी गली से होते हुए पुलिस बाहर आ रही थी, इसी बीच महिलाओं एवं पुरुषों ने एएसआई प्रमोद कुमार एवं पुलिस पर मारपीट करने के साथ पत्थरबाजी कर दी, जिससे वे



माथे पर चोट लगने से घायल हो गए तथा वहीं गिर गए । गिरने के बाद किसी प्रकार से वहां से निकले एवं स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक इलाज कराया गया,इधर शनिवार को भारतीय दंड संहिता के 132,121(2),352,109,115(2)3/5 के तहत मामला दर्ज करते हुए परवेज आलम पिता अयुब खान तथा अरमान मलिक पिता हसीन मलिक नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं, एवं कुल 12 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, कुछ आरोपी फरार हैं। ओपी प्रभारी सजल धान ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा अनई देव नदी में पिकनिक मनाने गये हुए थे तथा डीजे के साथ नव वर्ष मना रहे थे, इसी दरम्यान पुलिस गशत में थी तथा शाम होने जा रहा था, पुलिस द्वारा डीजे बंद कराया गया एवं घर भेजा गया परंतु इन्हीं लोगों के बीच रात्रि में आपस में ही लडाई झगड होने लगा, एएसआई गश्त में थे, सुचना मिलने पर दोनों पक्षों को शांत कराया एवं संकरी गली से बाहर निकल रहे थे, इसी दरम्यान घटना घटी,इधर घटना के बाद पुलिस इंस्पेक्टर विनोद कुमार पासवान द्वारा भी जायजा लिया गया।।

लसिया जंगल में बड़े पैमाने पर चल रहा था जुए का कारोबार

# पुलिस ने छापेमारी कर एक दर्जन जुआरियों को किया गिरफ्तार



**सिमडेगाः** जिला पुलिस ने जुआ के काले कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दर्जन जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुल्लुकेरा लसिया जंगल में अवैध रूप से बड़े पैमाने पर जुआ का काला कारोबार चल रहा था। इसकी गुप्त सूचना सिमडेगा एसपी सौरभ को मिली। सूचना के आलोक में एसपी सिमडेगा ने एसडीपीओ बैजू उरांव के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित कर जुए के इस काले कारोबार पर प्रहार करवाए। पुलिस की टीम कुल्लुकेरा के लसिया जंगल में रेड मारी। जहां जुए का काला कारोबार चल रहा था। पुलिस ने मौके से जुआ खेल रहे एक दर्जन जुआरियों को धर दबोचा। हालांकि जुए के इस काले कारोबार का सरगना बजरंग प्रसाद सहित अन्य 30 से 40 लोग पुलिस को देखते ही अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में फरार हो गए। पुलिस को मौके से जुआरियों के 29 बाइक, 06 साइकिल, एक जायलो एसयूवी और जुआ खेलवाने वाले हबा डाबा सामान मिले। पुलिस सभी गाड़ियों और साइकिल को जब्त कर ली। पुलिस जुआ खेल रहे सभी एक दर्जन गिरफ्तार लोगों को जेल भेज रही है। साथ हीं जुआ के इस काले कारोबार के सरगना सहित फरार अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## दिव्यांग बच्चों और व्यक्तियों को दिलाया प्रमाण पत्र

**ज्योति पाठक**

**चाईबासाः** 90 दिवसीय विशेष विधिक सेवा जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में तथा सचिव राजीव कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर अधिकार मित्र (पी एल वी) रेणु देवी के प्रयास से दिव्यांग बालकों और व्यक्तियों का प्रमाण पत्र बनाया गया और उन्हें प्रदान किया गया, इस कार्य में प्राधिकार के फ्रंट ऑफिस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
rdsdgumla123@gmail.com.

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1515 दिनांक 30.12.2024 द्वारा ई0—टेंडरिंग अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GUMLA/23/2024-25 जिसका पी०आर०(PR)सं०–343317 Rural Development (24-25)#D है, में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है। जिसमें कार्य पूर्ण की अवधि 03 माह के स्थान पर कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 343550 (Rural Development) 24-25 (D)

## पीड़ित बहनों को मिला भारतीय एकता कमेटी का साथ



**रांची :** नाजीर अली लेन थाना लोअर बाजार सरकारी कुआं के पास रहने वाले अंबर यामीन दानिश अपनी दोनों बहन को घर में हिस्सा नहीं दे रहे हैं । दोनों बहनें हिस्सा मांग- मांग कर थक गयी, लेकिन बहन लोगों को हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। अंबर यामीन ने एक बार बड़ी बहन अक्सा सानी के साथ मारपीट भी किया और कैंची लेकर जानलेवा हमला किया लेकिन वह वहां के लोगों द्वारा बचाए जाने पर बच गई वरना अंबर यामीन बहन का हत्या कर देता । इन लोग लोअर बाजार थाना में भी लिखित आवेदन दिया लेकिन अभी तक का एक्शन नहीं लिया गया है । इन दोनों बहनों ने परेशान होकर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा के निवास स्थान में जाकर मिले और अपनी समस्या बताई के हम लोग दोनों बहन बहुत परेशान हैं हम लोगों को हिस्सा नहीं दिया जा रहा है इसलिए गुलाम मुस्तफा भाई हम लोगों को मदद कीजिए गुलाम मुस्तफा ने सारी बातें डिटेल से सुनी और कहा के आप लोगों का समस्या का समाधान जरूर होगा आप दोनों बहनों का हक जरूर मिलेगा आप लोग एक बार रांची के सीनियर एसपी सिटी एसपी और रांची डीएसपी से भी मुलाकात कीजिए और एक लिखित अपनी समस्याओं को लिखकर आवेदन दीजिए इसके बाद आगे क्या होता है हम लोग सभी भारतीय एकता कमेटी के लोग आप दोनों बहनों के साथ हैं और हम हर हाल में ज्यादा से ज्यादा आप लोगों को मदद करेंगे कि आप लोगों का हक शेयर जो घर पर निकलता है वह मिल जाए मैं गुलाम मुस्तफा संस्थापक अध्यक्ष भारतीय एकता कमेटी रांची के सीनियर एसपी , एसपी , एस डी ओ और डीएसपी रांची तथा लोअर बाजार थाना के अफसर इंचार्ज से भी अपील करता हूं की इन दोनों बहनों को मदद किया जाए और इन लोगों का जो हक है वह जरूर से जरूर दिला दी जाए यह बहुत बड़ा शुभ कार्य है इसमें दोनों बहनों को ज्यादा से ज्यादा मदद की जाए ।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले निपु सिंह, नए साल के दी बधाई

**रांचीः** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें नए साल की बधाई एंव शुभकामनाएं दी । श्री सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनको गुलदस्ता भेंट किया एवं उनके लंबी उम्र की कामना की । विश्वास जताया कि झारखंड के अधूरे कामों को वह बहुत तेजी से पूरा करेंगे ।

# रांची व गिरीडीह में पेट्रोल महंगा

**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची सहित झारखंड में पेट्रोल की कीमतों में कुछ जिलों में बढ़ोतरी और कुछ में कमी देखने को मिली है। तेल कंपनियों द्वारा जारी नवीनतम दरों के अनुसार, 5 जनवरी 2025 को रांची में पेट्रोल की कीमत 98.20 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो कि पिछले दिन से महंगा है। वहीं, हजारीबाग समेत अन्य कुछ जिलों में पेट्रोल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है।

इन आठ जिलों में सस्ता हुआ पेट्रोलः झारखंड के 8 जिलों में पेट्रोल सस्ता हुआ है, जबकि 4 जिलों में इसके दाम बढ़े हैं। अन्य 12 जिलों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रांची और हजारीबाग में पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमतें वाहन चालकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती हैं। इन जिलों में रहने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल भरवाने में थोड़ी राहत मिलेगी क्योंकि दाम पहले से कम हो गए हैं।

**किस जिले में कितना सस्ता हुआ पेट्रोल**

बोकारोः 36 पैसे सस्ता
चतराः 5 पैसे सस्ता
देवघरः 10 पैसे सस्ता
धनबादः 4 पैसे सस्ता
दुमकाः 38 पैसे सस्ता
जामताड़ाः 2 पैसे सस्ता
सरायकेला-खरसावांः 34 पैसे सस्ता
पश्चिमी सिंहभूमः 38 पैसे सस्ता

किस जिले में कितना महंगा हुआ पेट्रोल

गिरिडीहः 48 पैसे महंगा
गुमलाः 41 पैसे महंगा



कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, राँची।
दूरभाष–0651–2201076
Email ID:-drdaranchi2017@gmail.com

वाहन नीलामी हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जो है जहाँ कि स्थिति में व्यवहार न्यायालय, राँची/जिला विकास अभिकरण, राँची (विकास भवन) के निम्नांकित कंडम वाहनों की नीलामी हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | वाहन संख्या | मेक | मॉडल | निर्माण वर्ष | न्यूनतम सुरक्षित राशि | वाहन पड़ाव स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH01A-7381 | H.M. | AMBASSADOR | 2001 | 10,000/- | व्यवहार न्यायालय, राँची। |
| 2 | JH01AS-6465 | H.M. | AMBASSADOR | 2012 | 15,000/- | |
| 3 | JH01AS-6466 | H.M. | AMBASSADOR | 2012 | 15,000/- | |
| 4 | JH01AS-6467 | H.M. | AMBASSADOR | 2012 | 15,000/- | |
| 5 | JH01AS-6468 | H.M. | AMBASSADOR | 2012 | 15,000/- | |
| 6 | JH01AC-8385 | TATA | TATA SUMO | 2009 | 65,000/- | उप विकास आयुक्त, का कार्यालय विकास भवन राँची। |
| 7 | JH01AC-8383 | TATA | TATA SUMO | 2009 | 65,000/- | |
| 8 | BEN-2448 | M&M | JEEP | 1987 | 10,000/- | |
| 9 | JH01L-3033 | HM | Amb. Car | अप्राप्त | 10,000/- | |
| 10 | BR14H-0010 | TATA | SUMO | अप्राप्त | 35,000/- | |

1. Auction (नीलामी) कर्त्ता का नाम – उप विकास आयुक्त, राँची।
2. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 15.01.2025 (अपराह्न 01:00 बजे)
3. निविदा खोलने का स्थान – विकास भवन सभागार, राँची।
4. निविदा खोलन की तिथि एवं समय – 15.01.2025 (अपराह्न 03:00 बजे)
5. नीलाम किये गये वाहनों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 18.01.2025
6. नीलाम किये जानेवाले वाहनों के निविदा निस्तार की अन्य शर्तें:–
   i. संबंधित विभाग के व्यक्ति विभागीय वाहनों की नीलामी हेतु निविदा समर्पित नहीं करेंगे।
   ii. प्रत्येक वाहन हेतु पृथक–पृथक मुहरबंद निविदा पर निविदा सं0/तिथि/वाहन संख्या/निविदाकर्त्ता का नाम एवं पता स्पष्ट अंकित होना चाहिए अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायगा।
   iii. नीलाम किये जानेवाले प्रत्येक वाहनों के निर्धारित न्यूनतम सुरक्षित राशि के विरूद्ध 10 अग्रधन राशि के रूप में बैंक ड्राफ्ट जो क्रमांक– 1 से 5 के वाहनों के लिए निबंधक, व्यवहार न्यायालय, राँची/क्रमांक–6 से 10 के वाहनों के लिए उप विकास आयुक्त, राँची के पक्ष में देय होगा निविदा के साथ संलग्न किया जायगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायगा।
   iv. निविदा प्राप्ति की निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायगा।
   v. वाहन नीलामी हेतु प्राप्त निविदा विभागीय निविदा समिति के द्वारा निविदाकर्त्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष यथा निर्धारित स्थान/ समय पर खोला जायगा।
   vi. उच्चत्तर दर अंकित करने वाले निविदाकर्त्ता की सूची का प्रकाशन दिनांक–18.01.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में विभागीय सूचना पट्ट पर की जायगी।
   vii. उच्चत्तर दर अंकित करने वाले निविदाकर्त्ता द्वारा जमा अग्रधन की राशि निविदत्त दर में से घटाने के पश्चात् शेष अवशेष राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो क्रमांक–1 से 5 के वाहनों के लिए निबंधक व्यवहार न्यायालय, राँची एवं क्रमांक–6 से 10 के वाहनों के लिए उप विकास आयुक्त, राँची के पक्ष में देय होगा दिनांक–18.01.2025 तक जमा कर वाहन प्राप्त करेंगे अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायगी तथा द्वितीय उच्चत्तर निविदाकर्त्ता को वाहन नीलाम किये जाने पर विचार किया जायगा।
   viii. नीलाम किये जानेवाले वाहनों का निरीक्षण निविदा प्राप्ति की तिथि के पूर्व किसी कार्यदिवस को वाहन पड़ाव स्थल पर किया जा सकता है। कोई असुविधा होने पर व्यवहार न्यायालय, राँची/डी0आर0डी0ए0, कार्यालय राँची विकास भवन से समन्वय स्थापित किया जा सकता है।
   ix. प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार विभागीयय निविदा समिति को सुरक्षित रहेगा।

PR 343572 (Rural Development) 24-25 (D)

उप विकास आयुक्त,
राँची।



# हाड़ कापने वाली सर्दी से बचने के लिए इन बीचेज पर घूम आएं, गर्मी का होगा एहसास

सर्दियों के मौसम में ठंडी हवाएं और कोहरे के सितम झेलना पड़ता है। इस समय भारत के कई हिस्सों में हांड कापने वाली ठंड पड़ रही है। कई जगहों पर शीतलहर का प्रकोप जारी है तो वहीं, पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है। अगर आप ठिठुरन वाली सर्दी बचना चाहते हैं और सूरज की गर्मी, समुद्र की लहरों और रेत का आनंद लेने के लिए आप भी भारत की इन बीचेज पर कम बजट में घूमने जा सकते हैं। यदि आप ठंड से ऊब चुके हैं, तो जल्द ही बनाएं घूमने का प्लान। इस लेख में हम आपको बजट फ्रेंडली बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं।

### राधानगर बीच

राधानगर बीच अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के हैवलॉक आइलैंड पर स्थित है। इसे भारत के सबसे सुंदर समुद्र तटों में से एक माना जाता है। यह बीच अपनी सफेद रेत, फिरोजा नीले पानी और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। यह बीच वाटर स्पोर्ट्स के लिए भी प्रसिद्ध है।

### गोवा बीच

समुद्र तट की बात हो रही है, तो गोवा का नाम सबसे पहले आता है। भारत की सबसे लोकप्रिय बीच डेस्टिनेशन गोवा है। यहां पर सुंदर बीचेज, नाइटलाइफ, क्रूज और टेस्टी फूड सब एन्जॉय कर सकते हैं। कम बजट में भी आप यहां घूम सकते हैं। सर्दी के मौसम में गोवा की समुद्री लहरे काफी सुकून देती है। यहां आकर हम सर्दियां तो भूल ही जाएंगे।

### पुरी बीच

ठंड से बचने के लिए आप पुरी बीच ओडिशा भी जा सकते हैं। यहां पर धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहां की सुंदर प्राकृति आपका मन मोह लेगी। पुरी बीच जगन्नाथ मंदिर से थोड़ी दूरी पर है। धार्मिक यात्रियों और बीच लवर के लिए यह एक बेस्ट जगह है।

### घोघला बीच

घोघला बीच भारत में ही है, यहां पर पर्यटकों की भीड़ कम होती है, जिससे यह स्थान काफी शांत और सुकून भरा महसूस रहता है। क्लियर ब्लू वाटर और सुनहरी रेत वाली बीच का आनंद उठाने के लिए आप यहां जरुर जाएं। घोघला बीच पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं, जैसे कि- पैरासेलिंग, जेट स्कीइंग और बनाना बोट राइड्स।

# फैशन टिप्स : दुपट्टे से बदल जाएगा आपका पूरा लुक

**सूट** हो या लहंगा, दुपट्टा आपके स्टाइल को पूरी तरह से बदल सकता है। यह आपके सिंपल से आउटफिट को एक पार्टी लुक देता है। इतना ही नहीं, दुपट्टे की मदद से आप कलर कंट्रास्टिंग कर सकती हैं या फिर अपने लुक को एकदम डिफरेंट टच दे सकती हैं। अमूमन आउटफिट के साथ दुपट्टा मिल जाता है, लेकिन अक्सर हम इसे अलग से खरीदना भी पसंद करते हैं। मार्केट में दुपट्टे के कलर से लेकर फैब्रिक व पैटर्न आदि में काफी वैरायटी मिलती है। इसलिए, अक्सर इसे खरीदते समय हमें काफी दुविधा होती है।

हो सकता है कि आप भी अपने आउटफिट के साथ दुपट्टा पहनना चाहती हों और इसलिए एक नया दुपट्टा खरीदा चाहती हों। हालांकि, ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने लिए एक परफेक्ट दुपट्टा खरीद सकती हैं-



### फैब्रिक का रखें ख्याल

जब आप दुपट्टा खरीद रही हैं तो आपको उसके फैब्रिक का ख्याल रखना चाहिए। मसलन, कॉटन या खादी डेलीवियर और गर्मियों के लिए बिल्कुल सही है। वहीं, सिल्क या शिफॉन त्यौहारों के मौकों के लिए एकदम बढ़िया है। अगर आप सेमी-फॉर्मल इवेंट के लिए दुपट्टा खरीद रही हैं तो आप जॉर्जेट दुपट्टा चुनें। वहीं, सर्दियों के लिए पश्मीना या ऊनी फैब्रिक के दुपट्टे को चुना जा सकता है।

### कलर का कमाल

दुपट्टे को खरीदते समय उसका कलर भी बहुत अधिक मायने रखता है। आप सोच-समझकर कलर को चुनें। मसलन, न्यूट्रल शेड्स जैसे सफेद, क्रीम और पेस्टल कलर वर्सेटाइल है और उन्हें अधिकतर आउटफिट के साथ पेयर किया जा सकता है। वहीं, बोल्ड और ब्राइट कलर जैसे रेड, येलो और ग्रीन आपके सिंपल आउटफिट को भी स्टनिंग बना देते हैं।

### पैटर्न भी रखता है मायने

जब आप दुपट्टा खरीद रही हैं तो उसका डिजाइन या पैटर्न भी बहुत मायने रखता है। ध्यान दें कि वह आपके आउटफिट के साथ मेल खाए। मसलन, प्लेन दुपट्टे हैवी या प्रिंटेड आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं। वहीं, कढ़ाई या जरी के काम वाले दुपट्टे शादियों या त्यौहारों के मौकों के लिए बिल्कुल सही है। प्रिंटेड दुपट्टे प्लेन कुर्ते के साथ अच्छे माने जाते हैं।

# स्ट्रेस से भी बढ़ सकता है आपका वजन

आज के समय में हर व्यक्ति किसी ना किसी तरह के स्ट्रेस से गुजर रहा है। यह तो हम सभी जानते हैं कि स्ट्रेस का विपरीत असर हमारी सेहत पर पड़ता है। लेकिन बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि अत्यधिक स्ट्रेस की वजह से वजन बढ़ना भी शुरू हो जाता है। अक्सर हमें इस बात का अहसास नहीं होता है लेकिन स्ट्रेस हमारे खान-पान की आदतों पर प्रभाव डालता है। मूड अपसेट होने पर अक्सर हम कंफर्ट फूड की तरफ भागते हैं, जो अक्सर काफी शुगरी व फ्राइड होता है। दरअसल, जब आप दबाव में होते हैं, तो कोर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन सक्रिय हो जाते हैं, जिससे आपको कंफर्ट फूड की लालसा होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि स्ट्रेस किस तरह से आपके वजन पर नेगेटिव असर डाल सकता है-

### करने लगते हैं इमोशनल ईटिंग

जब हम स्ट्रेस में होते हैं तो उस दौरान अक्सर हमें स्नैकिंग की इच्छा होती है। हम खुद को कंफर्ट और हैप्पी फील करवाने के लिए इमोशनल ईटिंग शुरू कर देते हैं। जिसकी वजह से हम अक्सर ज्यादा कैलोरी, शुगरी या फैटी फूड खाना शुरू कर देते हैं। यह हमें कुछ वक्त के लिए तो अच्छा महसूस कराता है लेकिन वास्तव में इससे वजन बढ़ने लगती है।

### मेटाबॉलिज्म होने लगता है स्लो

जब आप स्ट्रेस में होते हैं तो इससे कोर्टिसोल लेवल बढ़ने लगता है और समय के साथ कोर्टिसोल का उच्च स्तर आपके मेटाबॉलिज्म को स्लो कर सकता है। इसका सीधा मतलब यह है कि आपके शरीर पर फैट जमा होना शुरू कर हो जाता है। खासतौर से, फैट पेट के आस-पास बढ़ने लगता है, जिससे आप कुछ समय में ही पहले से अधिक मोटे हो जाते हैं।

### ब्लड शुगर पर पड़ता है असर

स्ट्रेस आपके शरीर में शुगर को प्रोसेस करने के तरीके को प्रभावित करता है। वास्तव में, कोर्टिसोल आपके ब्लड शुगर लेवल को एकदम से स्पाइक और क्रैश कर सकता है, जिससे ऊर्जा में कमी आती है और मिठाई या फास्ट फूड आदि खाने की लालसा अधिक होती है। इसकी वजह से भी आपका वजन धीरे-धीरे बढ़ने लगता है।



# महाकुंभ 2025

# हर 12 साल पर ही क्यों होता है महाकुंभ मेले का आयोजन



उत्तर प्रदेश की संगम नगरी यानी की प्रयागराज में महाकुंभ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। मेले के आयोजन के लिए हर तरफ किसी न किसी चीज का निर्माण हो रहा है। महाकुंभ मेला दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक है और हिंदू धर्म में इसको काफी पवित्र माना जाता है। प्रयागराज में गंगा यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम पर महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। लेकिन कई लोगों के मन में यह सवाल होता है कि आखिर हर 12 साल के बाद ही महाकुंभ का आयोजन क्यों होता है। वहीं इसके पीछे क्या मान्यता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महाकुंभ मेले से जुड़े कुछ सवालों के जवाब देने जा रहे हैं। यूपी के प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से लेकर 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ मेले का आयोजन होगा। इस महाकुंभ में देश-दुनिया से करोड़ों लोग शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचते हैं। महाकुंभ मेले के दौरान प्रयागराज में संगम तट पर नहाने का अपना ही महत्व है। प्रयागराज के संगम तट पर स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं।

### हर 12 साल पर क्यों लगता है महाकुंभ मेला


अगर आपके मन भी यह सवाल है कि हर 12 साल बाद कुंभ मेले का आयोजन क्यों होता है। तो बता दें कि इसका संबंध समुद्र मंथन से जुड़ा है। जब देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन से अमृत निकाला था। अमृत को लेकर देवताओं और असुरों में युद्ध छिड़ गया था। उस दौरान अमृत कलश से कुछ बूंदे धरती के 4 स्थानों हरिद्वार, उज्जैन, प्रयागराज और नासिक में गिरी थीं। जिसके बाद इन्हीं 4 स्थानों पर कुंभ का आयोजन होता है। माना जाता है कि देवताओं और असुरों के बीच अमृत कलश को लेकर 12 दिनों तक युद्ध चला था। देवताओं के 12 दिन मनुष्यों के 12 सालों के बराबर माने जाते हैं। इसीलिए हर 12 साल पर महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। वहीं अर्धकुंभ मेला हर 6 साल में केवल प्रयागराज और हरिद्वार में आयोजित किया जाता है। तो पूर्ण कुंभ मेला हर 12वें साल पर प्रयागराज में आयोजित होता है।

### खास तिथियां

- 13 जनवरी 2025- पौष पूर्णिमा
- 14 जनवरी 2025- मकर संक्रांति (पहला शाही स्नान)
- 29 जनवरी 2025- मौनी अमावस्या (दूसरा शाही स्नान)
- 3 फरवरी 2025- वसंत पंचमी (तीसरा शाही स्नान)
- 4 फरवरी 2025- अचला सप्तमी
- 12 फरवरी 2025- माघी पूर्णिमा
- 26 फरवरी 2025- महाशिवरात्रि (आखिरी स्नान)

### पहुंच सकते हैं इतने लोग

यूपी के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। साल 2013 के कुंभ की तुलना में साल 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले का क्षेत्रफल दोगुने से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महाकुंभ 2025 के आयोजन के लिए 2600 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। वहीं बेहतर प्रशासन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ क्षेत्र को एक नया जिला घोषित किया है।



### तीर्थ यात्रा का राजा माना जाता है प्रयागराज

बता दें कि धार्मिक शास्त्रों में प्रयागराज को तीर्थराज यानी की तीर्थ स्थलों का राजा कहा गया है। माना जाता है कि ब्रह्म देव ने सबसे पहला यज्ञ प्रयागराज में किया था। वहीं यह भी माना जाता है कि कुंभ मेले में स्नान करने से व्यक्ति की आत्मा शुद्ध हो जाती है और उन्हें जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## तसर रेशम कृषि मेला-2025

# तसर रेशम उत्पादन में ग्रामीण रोजगार सृजन की असीम संभावनाएं : उप विकास आयुक्त

मेट्रो रेज

**दुमका :** केंद्रीय रेशम बोर्ड-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची द्वारा दुमका में तसर रेशम कृषि मेला-2025 का हुआ वृहद् आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से ग्रामीण रोजगार सृजन की असीम संभावना है।

कार्यक्रम में एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि तसर रेशम कृषकों की सफलता की कहानी के आयाम ले कर आयेगी।

डॉ.एनबी.चौधरी, निदेशक ने कहा कि पत्ती से रेशम बनाने की अद्भुत कला प्रकृति ने तसर रेशम कीट को प्रदान किया है, तसर रेशमकीट को एंथेरिया माईलिट्टा कहते हैं । ये रेशमकीट जंगली जंगलों में टर्मिनलिया प्रजाति और शोरिया रोबस्टा के पेड़ों के साथ-साथ बेर, जामुन जैसे अन्य खाद्य पौधों पर रहते हैं एवं इन पेड़ों की पत्तियों को खाते हैं । तसर रेशम अपनी समृद्ध बनावट और प्राकृतिक, गहरे सुनहरे रंग के लिए मूल्यवान है, और इसके अनेक एकोरेश भारत के विभिन्न राज्यों में उत्पादित की जाती हैं।रेशम उद्योग की विभिन्न कड़ियां रोजगार का सृजन करती हैं कीटपालन का कार्य या कीट के गुणवत्तापूर्ण अंडों का निर्माण हो, या धागाकरण, कताई बुनाई व वस्त्र निर्माण का कार्य हो सभी जगह स्वरोजगार की संभावना है। भारत में तसर रेशम उद्योग का गौरवशाली इतिहास सदियों पुराना है एवं झारखण्ड राज्य तसर रेशम उत्पादन में अग्रणी है । तसर रेशम की






विलक्षण गुणवत्ता इस उद्योग को अनोखा स्थान प्रदान करता है। जैसा कि हम जानते हैं, तसर रेशम का उत्पादन मुख्य रूप से आदिवासी और आर्थिक रूप से जरूरतमंद समुदायों द्वारा किया जाता है एवं यह सदियों से आदिवासी संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है। लगभग 50 से 60 प्रतिशत तसर रेशम का उत्पादन झारखंड में होता है जिससे तसर रेशम उत्पादन में झारखंड अग्रणी राज्य है। झारखंड के खरसावां, कुचाई, आमदा, भगैया, मंडरो, दुमका क्षेत्र अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता और उपस्थिति के लिए जाने जाने वाले तसर रेशम कपड़ों के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए जाने जाते हैं। झारखंड के गोड्डा जिले का भगैया तसर क्लस्टर कई अद्यतन डिजाइन और प्राकृतिक रंग तसर कपड़े के लिए जाना जाता है। भारत में तसर रेशम उद्योग से जुड़े 3.5 लाख लोगों में से लगभग 2.22 लाख लोग झारखंड से हैं, तसर रेशम उद्योग गरीब लोगों के आय सृजन के लिए रोजगार के अवसरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ.एनबी.चौधरी, निदेशक केंद्रीय रेशम बोर्ड-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची ने बताया कि तसर उद्योग को बढ़ावा देने में संस्थान का अप्रतिम योगदान रहा है, साथ ही कहा कि यह संस्थान तसर रेशम के अनुसंधान और विकास के लिए समर्पित देश की एकमात्र संस्थान के रूप में कार्य करता है। आगामी वर्ष में तसर को बढ़ावा देना और उत्पादकता बढ़ाना अनुसंधान एवं विकास का मुख्य फोकस क्षेत्र होगा. तसर रेशम को इसकी चमक और अद्वितीय गुणवत्ता के साथ-साथ बड़े पैमाने पर गरीब आदिवासियों और महिलाओं की संख्या के पारंपरिक ग्रामीण स्तर के व्यवसाय के कारण एक विशिष्ट और अद्वितीय सामग्री के रूप में लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है। निदेशक ने बताया कि केंद्रीय तसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान रांची की स्थापना वर्ष 1964 में की गयी थी यह केंद्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरु, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार का एकमात्र संस्थान है जो तसर रेशम के शोध हेतु जाना जाता है।

झारखंड और अन्य राज्यों में तसर रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र आधारित अनुसंधान एवं विकास पहल को लैब-टू-लैंड कार्यक्रम के तहत तेज किया जाएगा। यह उल्लेख करना जरूरी है कि हाल ही में तसर रेशम आकर्षण का केंद्र बन गया है क्योंकि झारखंड में बने तसर रेशम के कपड़े को भारत के प्रधानमंत्री ने जून 2023 की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को उपहार में दिया था। इससे झारखंड तसर रेशम धागे/कपड़े को और अधिक वैश्विक प्रसिद्धि मिली एवं तसर रेशम को एक विशिष्ट सामग्री के रूप में बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित हुआ. डॉ. चौधरी ने बताया कि विगत कई वर्षों से केंद्रीय रेशम बोर्ड-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची की इकाई पी4 चक्रधरपुर ने देश की गुणवत्तापूर्ण तसर बीज उत्पादन की मांग को पूरा करने के लिए पी3 डीएफएलएस के उत्पादन के लिए रोग मुक्त गुणवत्ता वाले तसर बीज कोकून के उत्पादन के अलावा आजीविका का विकल्प प्रदान करने के लिए सुदूर कुरजुली वन क्षेत्र में पी4 पालन शुरू किया है।

यह प्रयास काफी प्रभावी रहा है . वैज्ञानिकों एवं किसानों के बीच गहन संवाद तसर रेशम उद्योग में नवाचार और विकास को प्रोत्साहित किया है . तसर रेशम उद्योग से जंगलों के आसपास निवास करने वाली गरीब, आदिवासियों, महिलाओं को प्रमुखतया से स्वरोजगार प्रदान किया है जिससे पलायन कम हुआ है साथ ही साथ ही जल, जंगल, जमीन एवं पर्यावरण का संरक्षण भी हुआ है। कुरुजुली चक्रधरपुर के कृषकों की सफलता की कहानी नए आयाम ले कर आयी है. पी4 चक्रधरपुर इस दिशा में काफी प्रयात्शील रहा है. तसर कृषकों तक तकनीकी जानकारी प्रदान करने में तसर संस्थान का अप्रतिम योगदान रहा है. झारखण्ड एवं देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में विचार-मंथन के दौरान तसर रेशम उत्पादन और उत्पादकता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता व्यक्त किया क्योंकि तसर रेशम अद्वितीय प्राकृतिक रंग, चमक के कारण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ध्यान आकर्षित कर रहा है। झारखण्ड के तसर क्षेत्र की ओर अतिरिक्त ध्यान देने हेतु तसर-संवर्धन की विभिन्न मानक गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित किया है । तसर किसानों के सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि तसर रेशम उद्योग की उन्नति में प्रशिक्षण एवं प्रसार का व्यापक योगदान है क्योंकि आदिवासी परिवार द्वारा यह कार्य व्यापक तौर पर किया जा रहा है अतः नवीन तकनीकियों की जानकारी सुदूर अंचलों में पहुँचाने का परिणाम है की कृषक आज अपनी आमदनी बढ़ा रहे हैं भारत में तसर का महत्वपूर्ण स्थान है हमारा मूल उद्देश्य तसर रेशम उत्पादन में सुधार और संवर्धन के लिए नवीनतम तकनीकों और पद्धतियों की पहचान करना और उन्हें कृषकों द्वारा अपनाना है । आने वाले वर्षों में सिल्क समग्र के माध्यम से रेशम उद्योग को नयी गति प्रदान की जायेगी. मिट्टी से रेशम बनने तक के विभिन्न शोध आयामों को जीवंत गति प्रदान करने में केंद्रीय रेशम रेशम बोर्ड का अप्रतिम योगदान रहा है जो कि राष्ट्रीय स्तर पर अपने को स्थापित करने में प्रभावी भूमिका अदा किया है। तूफान कुमार पोद्दार ने बताया कि तसर बहुत महत्वपूर्ण है. कार्यक्रम का सञ्चालन संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. जयप्रकाश पाण्डेय ने किया धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शांताकार गिरी ने किया।

## सेवानिवृत हुए ट्रेन लाइटिंग विभाग के फोरमैन प्रमोद मंडल को किया सम्मानित



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** रेक मेंटनेंस टीएलआई साहिबगंज लोको सेड के प्रांगण में अनिल रजक ट्रेन लाइटिंग विभाग पद एमसीएम 31दिसंबर को रेल से सेवानिवृत्त हो गए अनिल रजक साहिबगंज के अच्छा फुटवॉलर थे। आज दिनांक 4 जनवरी को फेरबेल बडे धूमधाम से कार्यक्रम संपन्न हुआ ट्रेन लाइटिंग विभाग के फोरमैन मान्यवर प्रमोद मंडल जी ने बुके एवं साल ओढाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोग प्रमोद मंडल एसएसई, टीएल:साहिबगंज , लक्ष्मी प्रसाद मंडल, दिवाकर झा , गौतम कुमार, सुभाष पासवान, संतोष सिंह, चंदशेवर प्रसाद उर्फ बोदी सिन्हा, बालदेव उराव, प्रवेश वर्मा ,अनुप लाल हरि अनिल पासवान, राजकुमार गुप्ता, बिमल सिंह, राजकुमार राम ,चरणजित चटर्जी, शेखर वर्मा, सुनील रजक, विजय शर्मा, विवेकानंद पंकज एवं दर्जनो कर्म चारी उपस्थित थे ।

## बीडीओ ने ली स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं की उपलब्धता व मरीजों को मिलने वाली सेवाओं की जानकारी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स पर चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बीडीओ जयंत कुमार तिवारी और राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू ने संयुक्त रूप से की। बीडीओ जयंत कुमार तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्रों और कार्यरत कर्मियों के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही ममता वाहन, प्रसव की स्थिति और सीएचओ के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली सेवाओं की जानकारी ली। इसके अलावा, उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की।डॉ. उदय टुडू ने प्रधानमंत्री जनमन, लैब जांच, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, डेंगू आदि पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे इन बीमारियों को रोकने और नियंत्रित करने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वे इन बीमारियों के बारे में जागरूकता फैला सकें और मरीजों को उचित इलाज प्रदान कर सकें।आगामी 10 फरवरी से प्रारंभ होने वाले एमडीए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा हुई, जिसमें सभी को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत, स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा, टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा भी की गई, जिसमें यह बताया गया कि कैसे टीवी के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है।इस बैठक में जीपीएस बलराम दास, बीटीटी शीला गोस्वामी, एमटीएस अनिल कुमार पाल, इरशाद अंसारी और सुशीला हेंब्रम सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने इस बैठक में अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।



## ईएसएल स्टील लिमिटेड ने खुशी और गर्मजोशी के साथ नए साल का किया स्वागत

मेट्रो रेज

**बोकारो :** ईएसएल स्टील लिमिटेड ने नए वर्ष 2025 के आगमन का जश्न टाउन हॉल में कार्यक्रमों के साथ मनाया। इस जीवंत और प्रेरणादायक कार्यक्रम जिसमें कर्मचारियों, नेतृत्व हितधारकों को पिछली उपलब्धियों पर विचार करने और आने वाले वर्ष की चुनौतियों और अवसरों को अपनाने के लिए प्रण के लिए एक साथ एकत्रीकृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक आशीष गुप्ता के हार्दिक स्वागत भाषण से हुई। जिन्होंने पिछले साल कंपनी की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर विचार व्यक्त किया। उन्होंने कंपनी के विजन को आगे बढ़ाने में एकता, नवाचार और उत्कृष्टता के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में 2025 डायरी का अनावरण, केक काटने की रस्म और पुरस्कार विजेता एनसीक्यूसी और सीएसआर टीमों द्वारा किए गए असाधारण योगदान को मान्यता दी गई। 500 से अधिक कर्मचारियों ने व्यक्तिगत और आभासी रूप से भाग लिया। टाउन हॉल ने ई एसएल स्टील टीम के सामूहिक समर्पण और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, ई एस एल स्टील लिमिटेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक, आशीष गुप्ता ने कहा, जैसा कि हम 2025 में कदम रख रहे हैं, मैं वेदांता ई एस एल परिवार के प्रत्येक सदस्य के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।वे सब पिछले वर्ष में ऐसे मील के पत्थर रहे, जिन्होंने हमारी ताकत, लचीलापन और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। हम इस गति को आगे बढ़ाने, नए मानक स्थापित करने और अपने साझा लक्ष्यों को साकार करने का संकल्प लेते हैं। साथ मिलकर, हम चुनौतियों को अवसरों में बदलना जारी रखेंगे। आप सभी और आपके परिवारों को नववर्ष की शुभकामनाएँ।

जैसा कि हम 2025 में कदम रख रहे हैं, सीईओ और डब्ल्यूटीडी, श्री आशीष गुप्ता ने अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के दृष्टिकोण को साझा किया। जिसमें ईमानदारी को बनाए रखने, शून्य चोटों की प्रतिबद्धता के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देने और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को अपनाने के महत्व पर जोर दिया गया। हम प्रतिभाओं को पोषित करने, युवा नवोन्मेषकों को सशक्त बनाने और अपनी विश्व स्तरीय संपत्तियों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं। भागीदारों के साथ जुड़कर और व्यावसायिक कौशल को बढ़ाकर, हमारा लक्ष्य सामूहिक सफलता प्राप्त करना है। सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों से प्रेरित होकर, हम समुदाय को प्राथमिकता देंगे और सार्थक, स्थायी प्रभाव डालने के लिए काम करेंगे। 2024 में, एरछ को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। जिसमें पूरी टीम की लगन, कड़ी मेहनत और सामूहिक उत्कृष्टता को दशार्या गया। कंपनी को ईटी एचआर वर्ल्ड 'हैप्पी प्लेस टू थ्राइव अवार्ड 2023' से सम्मानित किया गया। डब्ल्यूई ग्लोबल अवाड्र्स में बेस्ट इन लार्ज एंड जेन वाई के रूप में मान्यता दी गई, और रळएट में महिलाओं में उत्कृष्टता के लिए सीआईआई अवार्ड प्राप्त किया। ईएसएल ने ईएनसीओएन अवाड्र्स में स्टार-रेटेड मेमेंटो और केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री द्वारा प्रस्तुत संवाद 4.0 में टीएमटी आपूर्ति के लिए 'उत्कृष्टता पुरस्कार' भी अर्जित किया। इसके अतिरिक्त, मीनाक्षी सभरवाल को भारतीय इस्पात संघ द्वारा 'विंग्स ऑफ स्टील अवार्ड' से सम्मानित किया गया, जबकि आशीष रंजन ने सीएसआर, पीआर और भूमि प्रबंधन में अपने नेतृत्व के लिए 'सरदार पटेल राष्ट्रीय पुरस्कार 2024' जीता। ईएसएल ने ग्वालियर में आयोजित *एनसीक्यूसी 2024 एबीवी-आईआईआईटीएम में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अंततः एमक्यूएच बेस्ट प्रैक्टिसेज कॉम्पिटिशन 2024 में विनिर्माण के लिए एमक्यूएच विनर ट्रॉफी हासिल की। ये मान्यताएँ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए ईएसएल की प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं।





## न्यूज IN ब्रीफ

### सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**साहिबगंज :** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी ने संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। उपविकास आयुक्त ने कहा कि रथ के जरिए सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन अधिनियम के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। लोगों को ट्रैफिक नियमों से अवगत कराने हेलमेट पहनने के फायदे, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय नशा नहीं करने मोबाइल फोन व दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं करने, वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाने,वाहनों को ओवरटेक नहीं करने के अलावा अन्य कई जानकारी लोगों को दी जाएगी।

### उपायुक्त ने किया तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने तालझारी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण किया व आवश्यकता दिशा-निर्देश दिए।स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के उपस्थिति की रिपोर्ट और उपलब्ध दवाइयां की सूची का जायजा लिया।उन्होनें निर्देशित किया की उपलब्ध दवाइयों की सूची हिंदी व संथाली भाषाओं में डिस्प्ले के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए।उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड, शौचालय, प्रसूति गृह, दवाइयों के काउंटर, ड्रेसिंग रूम का भी निरीक्षण किए। उपायुक्त ने निमार्णाधीन डीपीएचयू का जायजा किया। उपयुक्त ने निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री बालू, ईट, सीमेंट की गुणवत्ता को परखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।वहीं तालझारी प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पदाधिकारी समेत प्रखंड के सभी कर्मियों के साथ बैठक की जिनमें विभिन्न योजनाओं द्वारा दिए गए लक्ष्य एवं प्रगति के विषय में जानकारी लिए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार उपस्थित थे।

### ट्रक और ऑटो में भीषण टक्कर में दो महिला सहित चार की मौत

**दुमका :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दासोरायडीह गांव के पास शनिवार को दुमका -रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर एक ट्रक और ऑटो में भीषण टक्कर होने की सूचना मिली है. मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में दो महिला समेत चार लोगों की मौत हुई है.वहीं चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है. सभी घायलों को दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया कराया गया है ।

#### सीनियर जिला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट

### कंबाइंड इलेवन टू ने 7 विकेट से दर्ज की जीत



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में शनिवार को न्यूबीज बनाम कंबाइंड इलेवन टू के बीच मैच खेला गया। न्यूबीज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.1 ओवर में 123 रन बना कर ऑल आउट हो गई। रजनीश राज ने 38, अभिषेक पाठक ने 12 व सुमन कुमार ने 32 रन बनाए। कंबाइंड इलेवन 2 के गेंदबाज आदित्य यादव व मीर अबुल फजल ने 3-3, प्रतीक ने 2, केशव व आकाश ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कंबाइंड इलेवन 2 ने 16.4 ओवर में 3 विकेट पर 127 रन बना कर मैच जीत लिया। आकाश दूबे ने 14, आदित्य यादव ने 26, अविनाश ने 10, केशव कुमार ने 36 रन बनाए। दी न्यूबीज क्लब के गेंदबाज आनंद अमृत ने 3 विकेट लिए। कंबाइंड इलेवन 2 ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। कंबाइंड इलेवन 2 के खिलाड़ी आदित्य यादव को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि प्रभाकर कुमार ने आदित्य को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा व स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, चंदन कुमार, आदित्य, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, सागर सुमन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि रविवार को वल्चर्स क्रिकेट क्लब बनाम कंबाइंड इलेवन वन के बीच मैच खेला जाएगा।

### पंचायत राज विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

**खूंटी।** डीआरडीए स्थित सभागार में शनिवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी शिशिर कुमार की अध्यक्षता में पंचायत राज विभाग के जरिये संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा और समीक्षा की गई। इनमें मुख्य रूप से जीपीडीपी-जीपीएफटी ट्रेनिंग के तहत टीएमपी पोर्टल में इंट्री की प्रगति, 15वें वित्त आयोग के तहत व्यय को एक सप्ताह में 50 फीसदी तक बढ़ाने, पंचायत ज्ञान केंद्र का अधिष्ठापन, जनप्रतिनिधियों के मानदेय, सभी पंचायतों में बायोमेट्रिक मशीन का अधिष्ठान और संचालन सुनिश्चित करने, पंचायत सुदृढ़ीकरण और 15वें वित्त आयोग की उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति, पंचायत भवन की स्थिति और भारत नेट रिचार्ज की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

# जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहते राम गोपाल वर्मा



श्री देवी बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस थीं, जिन्होंने साउथ के बड़े-बड़े दिग्गजों के साथ भी काम किया और वहां के प्रोड्यूसर्स की पहली पसंद थीं। बॉलीवुड में ऐसे कई फिल्ममेकर्स हैं जो उनके निधन के बाद भी उनकी एक्टिंग की तारीफ करते नहीं थकते। उनकी फिल्में फैंस को काफी पसंद आती हैं। 'चांदनी', 'प्रेमरोग', 'जुदाई', 'मिस्टर इंडिया', 'कुछ सच कुछ झूठा', 'आर्मी' जैसी कई फिल्में हैं, जिन्हें देखकर आज भी फैंस उनकी यादों में खो जाते हैं। श्री देवी की बेटी जान्हवी कपूर की तुलना अक्सर उनसे की जाती है। हाल ही में एक नामी प्रसिद्ध फि ल्म निर्देशक ने कहा कि लोग भले इस बात को कहते हैं, लेकिन उन्हें अभी तक जाह्नवी कपूर में अपनी मां जैसी बात नजर नहीं आई। उन्होंने साफ कहा कि मैं जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहता। 'रंगीला', 'सत्या', 'कंपनी' और 'भूत' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर रामगोपाल वर्मा अपने बेबाक अंदाज और तीखे बयानों के लिए अक्सर सुर्खियां बटोरते रहते हैं। हाल ही में राम गोपाल वर्मा ने एक इंटरव्यू में हिंदी सिनेमा की दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी के प्रति अपना प्यार और सम्मान जाहिर किया। साथ ही उन्होंने अपनी बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के बारे में भी अपनी राय शेयर की। जान्हवी कपूर के 'देवरा' के सह-कलाकार जूनियर एनटीआर ने कहा था कि उन्हें लगा कि फिल्म के फोटो शूट के दौरान एक फ्रेम में जान्हवी अपनी मां की हूबहू कॉपी थीं। हालांकि, रामगोपाल वर्मा ने इस तुलना को खारिज कर दिया और इसे 'श्रीदेवी का हैंगओवर' बताया। 'मुझे बेटी नहीं, मां पसंद है' कहकर उन्होंने श्रीदेवी के अभिनय की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रदर्शन ने एक दर्शक के रूप में मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मैं भूल गया कि मैं एक फिल्म निमार्ता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जान्हवी कपूर के साथ काम करेंगे? तो उन्होंने कहा, 'मुझे मां पसंद थी, बेटी नहीं' हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि वह यह बात किसी गलत इरादे से नहीं कह रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे करियर में कई बड़े सितारे रहे हैं जिनसे मेरा कोई कनेक्शन नहीं है, इसलिए जान्हवी कपूर के साथ फिल्म करने का मेरा कोई इरादा नहीं है।' वर्कफ्रंटवर्कफ्रंट की बात करें तो राम गोपाल वर्मा अपने 'सत्या' स्टार मनोज बाजपेयी के साथ एक फिल्म से वापसी करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में 'देवरा' में नजर आईं जान्हवी कपूर जल्द ही 'सनी संस्कार की तुलसी कुमारी' और 'परम सुंदरी' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।





# अभिषेक बच्चन और बेटी के साथ मुंबई लौटीं ऐश्वर्या राय

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच अनबन और तलाक की अफवाह थी, लेकिन इन अफवाहों पर तब विराम लग गया जब दोनों को बेटी आराध्या के स्कूल फंक्शन और शादी के रिसेप्शन में एक साथ देखा गया। हाल ही में अभिषेक और ऐश्वर्या ने एक साथ नया साल भी मनाया और अब वे मुंबई वापस आ गए हैं। दोनों को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर आराध्या बच्चन के साथ देखा गया था। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन हाल ही में आराध्या के स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में एक साथ गए थे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में एक दिन अमिताभ बच्चन उनके साथ थे, जबकि दूसरे दिन ऐश्वर्या की मां वृंदा राय आईं। अभिषेक और ऐश्वर्या को दो दिनों तक आराध्या के स्कूल में एक साथ देखा गया था। इसके बाद दोनों एक साथ एक शादी में शामिल हुए और वृंदा राय के साथ उनकी सेल्फी वायरल हो गई। अब एक बार फिर ऐश्वर्या और आराध्या पैपराजी के कैमरे में कैद हुईं। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय नए साल के लिए आराध्या के साथ विदेश गए थे। विदेश से लौटने के बाद उन्होंने मुंबई एयरपोर्ट पर पैपराजी से बातचीत की। उन्होंने नये साल की शुभकामनाएं भी दीं। इस बार ऐश्वर्या अपना सामान ले जाती नजर आईं। अभिषेक ने अपनी पत्नी और बेटी के लिए कार का दरवाजा खोला और फिर तीनों एक ही कार में बैठकर निकल गए। उनके इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए हैं। इस वीडियो को देखने के बाद नेटीजन तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। कुछ ने कमेंट किया है कि वे इन दोनों को एक साथ देखकर खुश हैं। कई फैन्स वीडियो पर रेड हार्ट इमोजी के साथ कमेंट कर रहे हैं।

# सब जूनियर और कैडेट जूडो चैंपियनशिप में मुरादाबाद के चार खिलाड़ी चयनित



**एजेंसी**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद निवासी जूडो के अंतरराष्ट्रीय रैफरी संजय गिरि ने रविवार को बताया कि भारतीय जूडो महासंघ के तत्वावधान में 18 जनवरी से 25 जनवरी तक सब जूनियर और कैडेट जूडो चैंपियनशिप में मुरादाबाद के सब जूनियर खिलाड़ियों मनमीत सिंह व पार्थ कुमार और कैडेट टीम में आदित्य व वंश कुमार का चयन हुआ है।

संजय गिरि ने आगे बताया कि सब जूनियर और कैडेट जूडो चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र में किया जा रहा है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए यूपी जूडो एसोसिएशन ने रविवार को इंडियन पैरा जूडो एकेडमी में यूपी की सब जूनियर और कैडेट जूडो टीम का चयन किया। टीम में मुरादाबाद के सब जूनियर खिलाड़ियों मनमीत सिंह व पार्थ कुमार और कैडेट टीम में आदित्य व वंश कुमार भाग प्रतिभाग करेंगे।

# गोविंदा की पत्नी सुनीता नेपोटिजम पर भड़कीं, कहा

## मेरी बेटी को मौका तो दो, वही एक ग्रुप है और उसी में काम होता है

जहां गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं, वहीं बेटी टीना कोई मौका नहीं मिला। उन्होंने साल 2015 में एक्टिंग डेब्यू किया, पर उसके बाद किसी ने मौका नहीं दिया। अब गोविंदा की पत्नी और टीना की मॉम सुनीता ने इस पर बात की और नेपोटिजम को लेकर भड़क गईं। सुनीता ने एक इंटरव्यू में इस बात पर दुख जताया कि कैसे कुछ खास स्टार किड्स को ही मौके दिए जा रहे हैं। सुनीता ने कहा कि उनकी बेटी टीना काम करना चाहती है, पर कोई मौका ही नहीं दे रहा है। उन्होंने इस बात पर गुस्सा निकाला कि कुछ स्टार किड्स को छोड़कर बाकी को कोई मौका या प्लेटफॉर्म नहीं मिल रहा है।

### 'उसे मौका तो दो, बाहर और भी लोग बैठे हैं'

सुनीता आहूजा ने 'हिंदी रश' से बातचीत में कहा, 'अगर उसके लिए अच्छा काम आता है, तो वह क्यों नहीं करेगी? आप लोग मौका तो दो काम करने का। नेपोटिज्म बंद करो ना। दूसरे लोगों को भी काम करने का मौका। आप एक ही ग्रुप में सबको...वही ग्रुप में काम होता है। बहार भी तो देखो, लोग और भी बैठे हैं। अभी भी वह काम करने के लिए तैयार हैं। काम मिलेगा, वो करेगी, उसको शौक भी है बहुत काम करने का।'

### गोविंदा और सुनीता की बेटी का फ्लॉप डेब्यू

गोविंदा और सुनीता की बेटी टीना ने साल 2015 में फिल्म 'सेकेंड हैंड हस्बैंड' से एक्टिंग डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म फ्लॉप रही थी और इसके बाद से टीना कोई और मौका नहीं मिला।



### 'जो गुट का हिस्सा वही बॉलीवुड में टिका, दूसरा नहीं'

सुनीता ने आग कहा कि बॉलीवुड में सिर्फ वही टिका रह सकता है, जो एक गुट का हिस्सा हो, जो उस गुट के नहीं हैं, उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है। सुनीता ने कहा कि हर किसी को बराबर मौका मिलना चाहिए। इन गुटों के बाहर इतने सारे टैलेंटेड लोग हैं, जो एक मौके के इंतजार में हैं। उन्होंने पूछा, 'अभी एक ही एक्टर को आप कितनी बार देखोगे?

# आयरा बंसल जल्द ही साउथ इंडस्ट्री में रखेंगी कदम



गोविंदा और वरुण शर्मा की फिल्म फ्राई डे में काम कर चुकीं आयरा ने हाल ही में अपनी पहली तेलुगु फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जिसका नाम शिवा - द फाइटर है। यह फिल्म 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली आयरा ने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्मों में अभिनय किया है और अब साउथ इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए उत्साहित हैं।

अपनी तेलुगु फिल्म के बारे में बात करते हुए आयरा ने बताया, 'यह एक एक्शन फिल्म है, जिसमें मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन साझा कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जारी है। जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी होगी, मैं फिल्म के बारे में और जानकारी साझा करूंगी।'

आयरा ने म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है, जिससे उन्हें और अधिक प्रोजेक्ट्स मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ मेरी बिटिया, अली मर्चेंट के साथ है कहाँ, विनय बावा के साथ बुके, और दो पागल जैसे म्यूजिक वीडियोज में काम किया है। आयरा का मानना है कि उनकी सफलता में भगवान की कृपा है। वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्होंने अपनी फिल्मों में गोविंदा, वरुण शर्मा, संजय मिश्रा, विजय राज, विनीत कुमार सिंह और सौरभ शुक्ला जैसे बेहतरीन कलाकारों के साथ काम किया है। सेट पर बिताए गए समय ने उन्हें अभिनय में बेहतर बनने का मौका दिया।

फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज के अलावा, आयरा ने भारत और अमेरिका के कई प्रतिष्ठित फैशन डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक भी किया है। आयरा, बिग बॉस सीजन 17 की प्रतिभागी और अभिनेत्री सोनिया बंसल की बहन हैं। हालांकि, वह यह स्पष्ट करती हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में जो भी काम मिला, वह ऑडिशन और कास्टिंग एजेंसियों की मदद से मिला। उनकी बहन सोनिया इंडस्ट्री में पहले से सक्रिय हैं और जब भी मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, आयरा उनसे सलाह लेती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

**एजेंसी**

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारत को 6 विकेट से हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद ट्रॉफी पर कब्जा किया और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (हळ्ठ) फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। वहीं, भारतीय टीम एक बार फिर हळ्ठ फाइनल में जगह बनाने से चूक गई। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। यशस्वी जायसवाल (10), केएल राहुल (4), और शुभमन गिल (20) जल्दी-जल्दी आउट हो गए। विराट कोहली भी 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऋषभ पंत (40) और रविंद्र जडेजा (26) ने थोड़ी संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन भारतीय टीम 185 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 4 और मिशेल स्टार्क ने 3 विकेट चटकाए।



भारतीय गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और ऑस्ट्रेलिया को 181 रनों पर ऑल आउट कर दिया। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेउ वेबस्टर (57) और स्टीव स्मिथ (33) ने अपनी टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के आगे लंबी साझेदारी नहीं कर सके।

दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने और भी निराशाजनक प्रदर्शन किया। हालांकि, ऋषभ पंत ने 33 गेंदों में 61 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, लेकिन उन्हें किसी और बल्लेबाज का साथ नहीं मिला। यशस्वी जायसवाल ने 22 रन बनाए, जबकि बाकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। टीम सिर्फ 157 रनों पर ऑल आउट हो गई। स्कॉट बोलैंड ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट झटके।

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 162 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे उन्होंने तीसरे दिन के दूसरे सत्र में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। उस्मान ख्वाजा (41) और बेउ वेबस्टर (39*) ने टीम को जीत दिलाई। प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट लिए, लेकिन भारत को हार से बचाने में असफल रहे। इस हार के साथ भारतीय टीम ने हळ्ठ फाइनल में पहुंचने का मौका भी गंवा दिया। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूती साबित की और हळ्ठ फाइनल में जगह पक्की की।

# कल्याण सिंह की कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता को हर किसी ने किया स्वीकार : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री-राज्यपाल कल्याण सिंह की जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल 'पद्म विभूषण' कल्याण सिंह की जयंती पर 2, मॉल एवेन्यू में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी स्मृतियों की जीवंतता बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक कैंसर इंस्टीट्यूट और बुलंदशहर के मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी कल्याण सिंह के नाम पर रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह भारत मां के महान सपूत, राष्ट्रभक्त व रामभक्त थे। 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में आज ही के दिन सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ था। बाल्यकाल से ही देश की आजादी की लड़ाई को देखने, स्वतंत्रता के बोध व भावी भारत के निर्माण में हमारी क्या भूमिका होगी, इन संस्कारों से ओतप्रोत बालक कल्याण सिंह ने उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामान्य शाखा से लेकर आगे के कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था। किसान, शिक्षक, 1977 में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, सांसद, दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री व दो राज्यों के राज्यपाल के रूप में उनकी कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता की दक्षता को हर किसी ने स्वीकार किया।



### कल्याण सिंह ने कभी सिद्धांतों व मूल्यों से समझौता नहीं किया

योगी ने कहा कि सत्ता के लिए लोग सिद्धांतों की तिलांजलि दे देते हैं। कुछ प्राप्त करने के लिए मूल्यों के साथ समझौता करते हैं लेकिन कल्याण सिंह जैसे व्यक्तित्व ने मूल्यों व सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। राम जन्मभूमि आंदोलन और उसके बाद भी प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने, प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिए उनके द्वारा 1990 के दशक के प्रारंभ व उत्तरार्ध में जो प्रयास प्रारंभ किए गए थे, वह नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कराते हैं।

### पहली बार यूपी वालों को हुआ सुशासन का अहसास

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों को पहली बार इसका अहसास तब हुआ, जब मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करके कल्याण सिंह ने शासन व्यवस्था को आगे बढ़ाया। उस समय भी उन्हें अस्थिर करने के लिए झुंड के झुंड अव्यवस्था फैलाने पर उतारू थे। उसकी परवाह किए बिना उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए सरकार की तिलांजलि दी। उनकी दूरदर्शिता थी, जो सपना उन्होंने देखा, वह साकार हो गया। आज अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो गया तो उनकी आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी।

उन्होंने कहा कि 21 अगस्त 2021 को वे भौतिक काया से हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनका मार्गदर्शन शासन-प्रशासन के लिए आज भी पाथेय बना है। उप्र में जब भी शुचिता की बात होती है, हर प्रदेशवासी श्रद्धा-सम्मान के साथ कल्याण सिंह का नाम लेता है। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान मजबूती के साथ सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करके आमजन के जीवन में परिवर्तन करते दिखाई देते हैं। जिस नए उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन लगाया, उसके लिए हम सब मिलकर कार्य करें। योगी ने कहा कि राष्ट्रवाद व सुशासन का मंत्र ही नए भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश की भूमिका को रेखांकित कर पाएगा। स्व. कल्याण सिंह के पुत्र पूर्व सांसद राजवीर सिंह 'राजू भैया' ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद साक्षी महाराज, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल करने का चलाया था अभियान

सीएम योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानववाद को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में सीखा था, उसे धरातल पर भी उतारा। अन्नदाता किसानों के लिए घोषित योजनाएं हों, नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से उप्र के युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल करने के उनके द्वारा चलाया गया अभियान भी अनुकरणीय है।

### बेसिक शिक्षा मंत्री के रूप में शिक्षा को नई दिशा दे रहे कल्याण सिंह के पौत्र

योगी ने कहा कि जिस बेसिक शिक्षा स्कूल के छात्र के रूप में कल्याण सिंह ने पढ़ाई और अध्यापक के रूप में कार्य किया होगा। उनके पौत्र आज उस विभाग के मंत्री के रूप में शिक्षा को नई दिशा दे रहे हैं। यही पूर्वजों की तपस्या और साधना का फल है। सही दिशा में किए गए प्रयास से परिणाम अवश्य आएंगे। 25 करोड़ जनता के जीवन में सुरक्षा व खुशहाली लाकर कल्याण सिंह के सपनों का उत्तर प्रदेश बढ़ाया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राहगीरी उत्सव का शुभारंभ किया, गुड फॉर हेल्थ मैराथन को दिखाई हरी झंडी



एजेंसी

उज्जैन : मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने उज्जैन में रविवार को राहगीरी उत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मुंगी चौराहा, उज्जैन से आयोजित मैराथन गुड फॉर हेल्थ को हरी झंडी दिखाकर भी रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि हम सबको आज प्रण लेना चाहिए कि आवश्यक रूप से सुबह भ्रमण व योग करें जिससे जीवन के संपूर्ण सुख का आनंद ले सके। उन्होंने कहा की स्वस्थ जीवन से बड़ा कोई आनंद नहीं और स्वस्थ जीवन ही दुनिया का सबसे बड़ा सुख है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उज्जैन की जनता को आने वाले मकर सक्रांति पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल संवैधानिक न्यायालय में रखेंगे अपना पक्ष

एजेंसी

**सियोल :** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल संवैधानिक न्यायालय में महाभियोग मुकदमे का सामना करने को तैयार हो गए हैं। येओल पर गंभीर आरोप हैं। मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा के बाद नेशनल असेंबली ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित किया था। संवैधानिक न्यायालय को अब यह तय करना है कि उनके खिलाफ महाभियोग चलेगा या नहीं। इस बीच, एक अदालत के वारंट पर भ्रष्टाचार जांच कार्यालय ने उन्हें हिरासत पर लेने के लिए एड़ी-चोटी कर दी पर उसे इसमें कामयाबी नहीं मिली। इस वारंट पर अमल की तारीख छह



जनवरी है। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, राष्ट्रपति के कानूनी सलाहकार युन गैप-ग्यून ने रविवार को कहा कि येओल संवैधानिक न्यायालय के समक्ष महाभियोग मुकदमे में गवाही देने जाएंगे। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के लिए 14 जनवरी, 16 जनवरी, 21 जनवरी, 23 जनवरी और चार फरवरी की तारीख मुर्करर की है। कानूनी सलाहकार युन गैप-ग्यून ने संवाददाताओं को एक संदेश भेजा है कि राष्ट्रपति उचित तिथि पर न्यायालय के सामने उपस्थित होकर अपनी स्थिति को सामने रखेंगे। इस बात की संभावना अधिक है कि येओल 14 जनवरी को संवैधानिक न्यायालय के सामने उपस्थित हों।

## मुख्यमन्त्री डॉ यादव का सिख समाज ने सम्मान और अभिनंदन किया

**उज्जैन :** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव रविवार सुबह 07:30 बजे उज्जैन में दूध तलाई स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचे और यहां पर निशान साहिब सेवा मे सम्मिलित हुए, इस अवसर पर सिख समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे
मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने गुरुद्वारा साहिब में गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष माथा ठेका और गुरु अरदास में सम्मिलित हुए। गुरु गोविंद सिंह के चार साहिब जादो की वीरता को स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने पर सिख समाज ने मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार माना। इस अवसर पर सिख समाज के प्रतिनिधियों द्वारा सरोफा भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ यादव का सम्मान और अभिनंदन किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सभापति कलावती यादव, सिख समाज के सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, ग्रंथि चरण सिंह गिल, इकबाल सिंह गांधी भी उपस्थित थे।

## बांग्लादेश में घना कोहरा, नौका सेवा प्रभावित नदी घाटों पर 300 से अधिक वाहन फंसे

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश में घने कोहरे ने नदी जलमार्ग पर ब्रेक लगा दिया है। दृश्यता बेहद कम होने के कारण पतुरिया-दौलतदिया और अरिचा-काजीरहाट जलमार्ग पर नौका सेवा पर पूरी तरह रोक लगा दिया गया है। मौसम जब तक नहीं खुलता यह सेवा निलंबित रहेगी।

ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, खान जहान अली, बीरश्रेष्ठ जहांगीर और बैगर घाट पर 300 से अधिक वाहन नदी के बीच में फंसे हुए हैं। इनमें ज्यादातर मालवाहक ट्रक हैं। इनको चार नदी घाट पार कर गंतव्य तक पहुंचना है। बांग्लादेश अंतदेर्शीय जल परिवहन निगम के उप महाप्रबंधक नासिर चौधरी ने



बताया कि अरिचा-काजीरहाट जल मार्ग पर सूर्यास्त के बाद कोहरे की तीव्रता बढ़ने लगी। रात 11:30 बजे कोहरा इतना घना हो गया कि इसने समस्त जलमार्ग को पूरी तरह ढक लिया। इसलिए नौका सेवा को निलंबित करने का फैसला लेना पड़ा। यात्रियों और वाहनों को लेकर जा रही खान जहान अली रो-रो नौका बीच नदी में फंस गई। तीन अन्य घाट-चित्रा, कृष्णी और शाह अली-अरिचा टर्मिनल पर वाहन फंसे हुए हैं। रात करीब एक बजे घने कोहरे के कारण पतुरिया-दौलतड़िया जलमार्ग भी बंद हो गया। इस समय दो नौकाएं बिरश्रेष्ठ जहांगीर और बैगर में नदी में फंसी हुई हैं। कोहरे की मार आठ नदी घाटों पर पड़ी है।

## जींद में भाजपा जिला महामंत्री से मांगी फिरौती

**जींद :** भाजपा के जिला महामत्री एवं नप चेयरमैन प्रतिनिधी को व्हाट्सअप कॉल कर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत शहर थाना पुलिस को की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भाजपा के जिला महामंत्री एवं नप चेयरमैन प्रतिनिधी डा. राजसैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसके फोन पर व्हाटसअप कॉल आई। रिसीव करने पर फोन करने वाले व्यक्ति ने फिरौती की डिमांड की। फिरौती राशि न देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। जिसके बाद दोबारा से फिरौती राशि के कॉल करने की बात कही। साथ आरोपित ने कहा कि जो कार्य आपके खिलाफ चल रहा है। फिरौती के बाद उसे बंद कर देगे। जिसके बाद डा. सैनी ने धमकी भरी कॉल को लेकर शहर थाना पुलिस को शिकायत दी है। काबिलेगौर है कि हाल ही में डा. राज सैनी के नाम से रेस्टोरेंट संचालक को खाने का भारी भरकम ऑर्डर देकर तथा फर्जी पैमेंट वाउचर संचालक को साढ़े 12 हजार रुपये का चूना लगा दिया था।

## जींद में पोल्ट्री फीड स्पलायर के 21 लाख हड़पे, मामला दर्ज

एजेंसी

**जींद :** पोल्ट्री फीड के नाम पर 21 लाख 78 हजार रुपये हड़पने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने पोल्ट्री फीड सप्लायर की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अर्बन एस्टेट निवासी कुलबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पोल्ट्री फार्म के साथ-साथ पोल्ट्री फीड सप्लाई का काम भी है। बवानी खेड़ा निवासी प्रवीण कुमार ने उसे फोन पर संपर्क साध कर बताया कि उनके गांव बलाली, अटेला, दादरी में पोल्ट्री किराये पर लिए हुए है। जिनके लिए पोल्ट्री फीड की आवश्यकता है। वह आपकी फार्म से फीड की सप्लाई लेना चाहते हैं। जिसके लिए आरोपित ने कुछ रुपये एडवांस देने की बात कही।

बकाया राशि मुर्गे बेचने के बाद देने की बात कही। जिस पर आरोपित ने 6 लाख 20 हजार रुपये का चेक दिया था तथा अपने पार्टनर मास्टर सुरेंद्र सिंह के नाम से दो हजार रुपये का चेक दिया था। इसके बाद विश्वास होने पर उसने गत 29 जुलाई से 22 अगस्त तक आरोपितो के तीनों फार्मो पर 750 क्विंटल पोल्ट्री फीड भेज दिया। जिसकी कीमत 31 लाख 22 हजार 140 रुपये थी। जिसमें से 9 लाख 44 हजार रुपये का आरोपितों ने भुगतान कर दिया। बकाया राशि 21 लाख 78 हजार 140 की राशि के तीन चैक दिए जो बैंक में लगाए जाने पर बाउंस हो गए।

## नेपाल से विदेश का हवाई सफर महंगा, स्थानीय पर्यटकों और श्रमिकों की भारतीय एयरपोर्ट पर भीड़

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल में अंतरराष्ट्रीय हवाई किराया अत्यधिक अधिक होने के कारण पर्यटक और श्रमिक के रूप में तीसरे देशों में जाने वाले नेपाली नागरिक आजकल भारत के विभिन्न विमानस्थलों का प्रयोग करने को बाध्य हैं। नेपाल से तीसरे देश में पर्यटकों को भेजने वाली विभिन्न ट्रैवल एजेंसियां और श्रमिकों को भेजने वाली मैनपावर कंपनियां अपने ग्राहकों को पहले भारत और फिर वहां से हवाई मार्गों के जरिए से उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचा रही हैं। काठमांडू-यूएई का एक तरफ का हवाई किराया इस समय नेपाली करेंसी में



55 हजार से 75 हजार रुपये तक है। नेपाली सीमा से सबसे करीब पश्चिम बंगाल के बागडोगरा विमानस्थल से यूएई का किराया नेपाली करेंसी में सिर्फ 35 से 40 हजार के बीच ही है। यानी काठमांडू-यूएई की तुलना में बागडोगरा-यूएई का हवाई किराया करीब 20 से 35 हजार रुपये सस्ता है। काठमांडू से कतर के दोहा तक जाने में 80,000 नेपाली रुपये से अधिक का खर्च आता है। भारत के बागडोगरा से यह खर्च केवल 50,000 रुपये आता है। काठमांडू से बैंकाक का किराया 35 हजार से 40 हजार रुपये के बीच है। दिल्ली से बैंकाक का किराया महज 16 से 20 हजार रुपये के बीच है। एक ट्रैवल एजेंसी के अनुसार, भारत से बैंकाक, मलेशिया, मॉरीशस, सऊदी अरब, कतर, लेबनान, ओमान और बहरीन सहित खाड़ी देशों में जाना सस्ता है। नेपाल की तुलना में बागडोगरा हो या दिल्ली, इन देशों में जाने पर हवाई किराया 12 से 35 हजार रुपये सस्ता है। नेपाल से निकटतम भारतीय हवाई अड्डा पश्चिम बंगाल का बागडोगरा है। इस एयरपोर्ट पर नेपाली कामगारों की काफी आवाजाही रहती है। काठमांडू में स्थित मैनपावर ऑपरेटर संजय सुबेदी ने कहा कि पिछले तीन महीने में सिर्फ बागडोगरा एयरपोर्ट से हफ्ते में लगभग 200 श्रमिकों को खाड़ी देशों में भेजा गया। इसके अलावा भारतीय एयरपोर्ट का उपयोग करने के पीछे का प्रमुख कारण अब बिना नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) के यात्रा की अनुमति देना भी है। पहले किसी भी नेपाली नागरिकों को भारतीय एयरपोर्ट का प्रयोग कर तीसरे देश की उड़ान भरने के लिए नेपाली दूतावास से एनओसी लेना आवश्यक होता था। नेपाल सरकार ने तीन पहले पहले इसकी अनिवार्यता को समाप्त कर दिया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### डिजिटल अरेस्ट : बैंक मैनेजर के पिता से 15 लाख की ठगी

**झांसी :** मोंठ थाना क्षेत्र में एक बैंक मैनेजर के पिता को डिजिटल अरेस्ट कर 15 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी। साइबर ठगों ने सीबीआई अधिकारी बनकर वीडियो कॉल किया और मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने की धमकी देकर 26 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा। मामला सुलटाने के नाम पर 15 लाख रुपये की मोटी रकम ऐंठ ली। कई दिनों तक इस सदमे में गुमसुम रहने के बाद जब पीड़ित ने बेटे को जानकारी दी तो बैंक मैनेजर के होश उड़ गए। अब जाकर पिता की तहरीर पर साइबर पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की पड़ताल शुरू की। मोंठ के पाडरी गांव निवासी रघुवीर सिंह बड़े जमींदार हैं। उनका बेटा मध्य प्रदेश में बैंक शाखा प्रबंधक है। रघुवीर ने पुलिस को बताया कि 12 दिसंबर की सुबह तीन अलग-अलग नंबरों से उनके पास कॉल आई। फिर व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आयी। फोन उठाया तो ऑफिस में एक व्यक्ति बैठा था। सायरन भी बज रहा था। वह कहने लगा कि मुंबई से सीबीआई अधिकारी आदित्य राठौर बोल रहा हूं। आपके खिलाफ सीबीआई ने मनी लांड्रिंग के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। आपके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हो गया है। उसने मुझे एक नोटिस भी भेजा। फिर कहा कि जब तक पूछताछ पूरी न हो जाए, तब तक घर से बाहर न निकलें। फर्जी सीबीआई अधिकारी ने कुछ देर बाद मामला निपटाने का ऑफर रख दिया। इस दौरान बाहरी व्यक्ति से बात करने पर गिरफ्तारी करने की भी धमकी दी। धमकाने पर रघुवीर उसकी बात मानने को राजी हो गए। डरा-धमकाकर साइबर जालसाज ने 15 लाख रुपये रघुवीर से वसूल लिए। पूरी रकम अलग-अलग खातों में रघुवीर ने ट्रांसफर कर दी। रघुवीर घर में डरे-सहमे से रहने लगे। परिजनों के पूछने पर कई दिनों बाद उन्होंने पूरी बात बताई। यह सुनकर परिजन सन्न रह गए। जिसका बेटा लोगों को साईबर ठगों से सावधान रहने का पाठ पढ़ाता नहीं थकता था, उसी के पिता को ही साइबर अपराधियों ने डिजिटली अरेस्ट कर ठग लिया। इस संबंध में साइबर थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### श्रीनगर में घर को लगी आग बुझाने में झुलसे दो दमकल कर्मी

**जम्मू :** श्रीनगर के राजौरी कदल इलाके में एक घर में देर रात को भीशण आग लग गई। आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाने का कड़ा प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस हादसे में मकान तो पूरी तरह से जलकर राख हो गया लेकिन आग बुझाने के प्रयास में दो दमकल कर्मी भी झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए एसएमएचएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### बनिहाल बाईपास 15 दिनों के भीतर 4-लेन यातायात के लिए खुल जाएगा : नितिन

**जम्मू :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की एनएच-44 के रामबन-बनिहाल खंड पर बनिहाल शहर के लिए नवनिर्मित 4-लेन, 2.35 किलोमीटर का बाईपास 15 दिनों के भीतर 4-लेन यातायात के लिए पूरी तरह से चालू हो जाएगा। 224.44 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस बाईपास में 1,513 मीटर तक फैले 4 वायडक्ट और 3 पुलिया हैं जो सड़क किनारे के बाजारों और दुकानों के कारण होने वाली लगातार बाधाओं को दूर करते हैं। एक्स पर एक पोस्ट में गडकरी ने साझा किया कि जंक्शन विकास के पूरा होने के बाद 4 लेन में बदलने से पहले यातायात को शुरू में 2 लेन पर छोड़ा जाएगा। गडकरी ने कहा कि यह महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाता है राष्ट्रीय सुरक्षा रसद को मजबूत करता है और जम्मू और कश्मीर में पर्यटन की संभावनाओं को बेहतर बनाता है। उन्होंने माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में परियोजना के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला जिसने आर्थिक विकास में योगदान दिया और क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में दर्जा दिलाया।

### उधमपुर पुलिस ने पंचारी में प्रतिबंधित पदार्थ के साथ एक ड्रग तस्कर को पकड़ा

**जम्मू :** एसएचओ के नेतृत्व में थाना पंचारी की पुलिस टीम ने पंचारी के कैंथगली के पास कुंती लिंक रोड पर गश्त/वाहन जांच ड्यूटी के दौरान एक व्यक्ति सुशील कुमार पुत्र विश्व नाथ निवासी लोअर मीर, पंचारी को पकड़ा। उधमपुर पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह संदिग्ध निकला। पूरी तरह तलाशी लेने पर उसके पास से 102 ग्राम गांजा और 98 ग्राम चरस जैसा पदार्थ बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस पर थाना पंचारी में कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर नंबर 02/2025 दर्ज किया गया है।

### सुरक्षित शीतकालीन यात्रा के लिए जागरूकता अभियान का सफल समापन करनाह कुपवाड़ा में हुआ

**जम्मू :** करनाह कुपवाड़ा में भारतीय सेना, स्थानीय स्कूल और समुदाय ने एनसी दर्रे में सर्दियों में सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाई। स्थानीय लोगों को कठोर सर्दियों के मौसम में एनसी दर्रे में यात्रा करने की चुनौतियों और जोखिमों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित एक सफल सोशल मीडिया जागरूकता अभियान। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना था, जिसमें अनियंत्रित आवाजाही के खतरों पर जोर दिया गया, जिसने अतीत में कई लोगों की जान ली है, और सुरक्षित यात्रा के लिए महत्वपूर्ण निवारक उपाय प्रदान किए गए। अभियान ने स्थानीय लोगों से नागरिक अधिकारियों और सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने का भी आग्रह किया, जिसमें सर्दियों के मौसम में जोखिमों को कम करने के लिए जारी किए गए सुरक्षा निदेर्शों और सलाह का पालन करने के महत्व पर जोर दिया गया। अभियान में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज तंगधार, एजीएस हाजीनार और तिथवाल और न्यू लाइट पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 28 छात्रों की मजबूत भागीदारी देखी गई। प्रतिभागी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता फैलाने में सक्रिय रूप से लगे हुए थे, सर्दियों में यात्रा सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी साझा कर रहे थे।

### मिश्रीवाला में पलटी तेज रफ्तार मेटाडोर, कई श्रमिक हुए घायल

**जम्मू :** आज जम्मू अखनूर मार्ग पर रेस लगाने के चक्कर में एक मेटाडोर बीच सड़क में पलट गई और इसमें कई श्रमिक घायल हुए है। बताया जा रहा है कि यह हादसा मिश्रीवाला में पेश आया है जिसमें एक बस और मेटाडोर में एक दूसरे को पीछे छोड़ने की होड़ लगी थी और इसी दौरान चालक मेटाडोर पर काबू नहीं रख पाया और वो बीच सड़क में जा पलटी। हादसे के साथ ही लोगों ने चीख पुकार शुरू कर दी। तभी स्थानीय लोगों ने मेटाडोर में सवार लोगों को बाहर निकाला जो कि सभी श्रमिक थे और सुबह काम पर जा रहे थे। बाद में घायलों को उपचार के लिए जीएमसी जम्मू लाया गया।

न्यूज ब्रीफ

## किसान की नर्सरी से करेली के पौधों की चोरी 10,000 रुपये से अधिक का नुकसान



**चान्हो:** अज्ञात चोरों ने करकट गांव के एक किसान की नर्सरी से करेली (बिटर गार्ड) के पौधे चुरा लिए, जिनकी अनुमानित कीमत 10,000 रुपये से अधिक है।

किसान इसराफिल ने शनिवार को अपने खेत में पौधे लगाने की तैयारी की थी। सभी आवश्यक तैयारियों के बाद, जब वे सुबह खेत पहुंचे, तो पाया कि नर्सरी से सभी पौधे गायब थे।

इस घटना से किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है और वे स्थानीय प्रशासन से उचित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

किसानों की मेहनत और उनकी फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय समुदाय और अधिकारियों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

## एयरपोर्ट के 5 किलोमीटर के दायरे में 29 अवैध बूचड़खाने हटाने का नोटिस

**बोकारो :** बोकारो एयरपोर्ट पर वाणिज्यिक उड़ानों के संचालन में हो रही देरी का मुख्य कारण एयरपोर्ट लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा पहचानी गई कुछ बाधाएं हैं। जिला प्रशासन ने इन बाधाओं में से एक को दूर करने की दिशा में कदम उठाया है इसमें दुंदीबाग में बोकारो एयरपोर्ट से सटे बोकारो स्टील प्लांट बीएसएल की जमीन पर चल रहे अवैध बूचड़खानों और मांस की दुकानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। चास अंचल अधिकारी ने बोकारो एयरपोर्ट के 5 किलोमीटर के दायरे में 29 अवैध बूचड़खाने या मांस की दुकानें चलाने वाले व्यक्तियों को औपचारिक नोटिस जारी किया है। सभी संबंधित व्यक्तियों को 7 जनवरी अवैध संरचनाओं को हटाने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर, प्रशासन द्वारा इन ढांचों को ध्वस्त कर दिया जाएगा और कानून के तहत लागत दोषियों से वसूली जाएगी। इसके अलावा, बोकारो एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन में सुरक्षा उपायों के लंबित होने के कारण भी देरी हो रही है। डीजीसीए से मंजूरी के लिए आवश्यक बाधा रोशनी का अभी तक पूरा न होना एक बड़ी समस्या है। ये रोशनी पांच प्रमुख संरचनाओं, जिनमें सेक्टर 12 में स्थित सतनपुर पहाड़ी और बीएसएल की ऊंची चिमनियां शामिल हैं, पर लगाई जानी हैं। यह बाधा सीमा सतह सर्वेक्षण द्वारा रेखांकित किया गया है। अक्टूबर 2016 में शुरू हुई क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान का उद्देश्य बोकारो एयरपोर्ट का विकास करना और दूरस्थ क्षेत्रों को किफायती हवाई किरायों के साथ जोड़ना है। बोकारो एयरपोर्ट का स बीएसएल, जो सेल की एक इकाई है, के पास है, जबकि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (अअक) निर्माण और संचालन गतिविधियों में शामिल है।

## एनआईए की आठ टीमों ने गोमिया में की छापेमारी

**बोकारो:** जिले में एनआईए की टीम ने दबिश दी है। बोकारो में नक्सलियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर एनआईए की आठ टीमें बोकारो पहुंची हैं। नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनआईए की टीम की छापेमारी जारी है। कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की सूचना मिल रही है। बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने एनआईए की टीम के बोकारो आने की पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक की माने तो एनआईए की टीम नक्सलियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर आई है और वह नक्सलियों से संबंध रखने वाले और नक्सली संगठन के बारे में अपनी जांच में लगी हुई है। टीम बोकारो जिले के उन इलाकों में छापेमारी कर रही है, जो झुमरा पहाड़ के नाम से जाना जाता है। झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव नक्सल प्रभावित माने जाते रहे हैं। जिसमें चतरो चट्टी, रजडेरबा, लोधी, चेयाटांड और हरयीदमो गांवों में एनआईए की टीम पहुंची है और अपनी जांच में लगी है। नए साल में एनआईए की यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। एनआईए की अलग-अलग आठ टीमें नक्सलियों से संबंध रखने वाले और नक्सली संगठनों के बारे में तथ्यों को खंगालने के लिए आई है। टीम को कई अहम सफलता मिलने की सूचना मिल रही है।

## एसडीओ, एफएसओ ने सेक्टर 04 के विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार अनुमण्डल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढ़ांडा एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी (एफएसओ) श्वेता लकड़ा द्वारा सेक्टर 04 सिटी सेंटर स्थित विभिन्न मिष्ठान/खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। द्वय पदाधिकारियों ने कोजी स्वीट्स, मानसरोवर स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट, मोती महल डिलक्स, नटखट स्वीट्स आदि का निरीक्षण किया। टीम द्वारा सभी प्रतिष्ठानों में उपलब्ध खाद्य पदार्थों का सैंपल संग्रह किया गया। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा एवं सैंपल में त्रुटि होने/मानक अनुरूप नहीं होने पर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ चास ने प्रतिष्ठानों को साफ सफाई से संबंधित निर्देश दिया। वहीं, खाद्य सुरक्षा - मानक अधिनियम 2006 के निर्धारित मानक अनुसार प्रतिष्ठान में पाये गये कमियों को सुधारने को लेकर संबंधित प्रतिष्ठानों को इंप्रूवमेंट नोटिस दिया गया एवं निर्देश का 14 दिनों के अंदर नोटिस का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। एसडीओ चास ने नियमित रूप से जाँच एवं सैंपलिंग किया जाएगा एवं किसी भी प्रकार के मिलावट खोरी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एफएसओ ने कहा कि सभी प्रतिष्ठानों से आग्रह है कि साफ - सफाई सुनिश्चित करेंगे, साफ पानी का उपयोग एवं खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करेंगे।

परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक

# 63 केंद्रो पर मैट्रिक, 44 केंद्रों पर होगी इंटर परीक्षा





संवाददाता

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने आगामी फरवरी माह में होने वाले मैट्रिक - इंटर परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि गिरिडीह, विधायक प्रतिनिधि चंदनकियारी, विधायक प्रतिनिधि डुमरी, विधायक प्रतिनिधि बेरमो, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने समिति को बताया कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में कुल 25,910 छात्र शामिल होने हैं, जिसके लिए 63 परीक्षा केंद्रों को चिन्हित किया गया है। वहीं, इंटर परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) में कुल 23,436 छात्र शामिल होने हैं, जिसके लिए 44 परीक्षा केंद्रों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने प्रखंडवार चिन्हित परीक्षा केंद्रों, शामिल होने वाले विद्यालयों के छात्रों, उनकी संख्या से समिति सदस्यों को अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक)द्वारा जारी सभी गाइडलाइन का अक्षरशः अपालन करना है। इसमें किसी तरह की कोई चूक नहीं हो। बैठक में डुमरी विधायक प्रतिनिधि ने नावाडीह प्रखंड के उपरघाट के छात्रों के परीक्षा केंद्र की दूरी अत्याधिक होने की बात कहीं। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से तकनीकी जानकारी ली, उन्हें नजदीक के विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया जा सकता है कि नहीं भौतिक समीक्षा कर प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। इसके अलावा सांसद गिरिडीह के प्रतिनिधि एवं विधायक बेरमो प्रतिनिधि ने भी अपनी बात रखी, जिस पर उपायुक्त ने डीईओ को जरूरी दिशा -निर्देश दिया। उपायुक्त ने मैट्रिक एवं इंटर के परीक्षा केंद्रों की सूची को विभिन्न दैनिक अखबारों में प्रकाशित करने, संबंधित विद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

# 9वीं राष्ट्रीय लॉन बाउल्स पुरुष व बालिका के 25 आयु वर्ग में झारखंड बना चैम्पियन

झारखंड को मिला 04 स्वर्ण,05 रजत एवं 01 कांस्य





संवाददाता

**बोकारो :** 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक दिल्ली के डीपीएस आरके पुरम में संपन्न हुई 9वीं राष्ट्रीय लॉन बाउल्स पुरुष व बालिका आयु 25 वर्ग में झारखंड टीम बनी चैम्पियन। चैंपियनशिप के महिला वर्ग में झारखंड की टीम ओवर ऑल उपविजेता बना।

**स्वर्ण पदक :** सुनील बहादुर व दिनेश कुमार

**पुरुष ट्रिपल:**अभिषेक लाकड़ा व एमडी वसीम

**ब्रोंज मेडल :** आलोक लाकड़ा व दिनेश कुमार 25 वर्ष से कम आयु (बालक वर्ग ) सौरभ कुमार

**महिला एकल :** सरिता तिर्की ने रजत पदक जीता ,लवली चौबे एवं रूपा रानी तिर्की की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक,रेशमा कुमारी,अन्नू सेठ, कविता कुमारी ने ट्रिपल में जीता रजत पदक।

महिला फोर्स में सिल्वर मेडल जीता : लवली चौबे ,रेशमा कुमारी व कुमारी ,रूपा रानी तिर्की ने रजत पदक जीता। 25 वर्ष से कम आयु की महिला वर्ग में बसंती कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। चैंपियन झारखंड टीम में बोकारो के सौरभ कुमार एवं रेशमा कुमारी ने किया उत्कृष्ट पदर्शन इन दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर झारखंड लाउन बोलिंग एसोशिएशन के सचिव डॉ, मधुकांत पाठक, बोकारो जिला लाउन बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, सचिव राजेश्वर सिंह सहित दर्जनों खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर

**मांडर:** शनिवार शाम लगभग 6:30 बजे मांडर थाना क्षेत्र के रांची-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग (एनएच 39) पर एक तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने पैदल चल रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में गया जिले के गुरारू गांव निवासी 26 वर्षीय संतोष कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, संतोष अपने तीन साथियों के साथ गया जिले से मांडर थाना किसी मामले के संबंध में आए थे। थाना से बाहर निकलते समय, तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल संतोष को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स (राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान) रेफर कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि यदि किसी ने घटना को देखा हो या संबंधित जानकारी हो, तो वे पुलिस को सूचित करें, ताकि दोषी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

# वन विभाग की टीम ने जब्त किया लकड़ी लदा दो गाड़ी

**शिकारीपाड़ा:** प्रखंड के बेनागड़िया-मलूटी मार्ग में चितरागड़िया मोड़ के पास प्रभारी वनपाल तरुणी कुमार मंडल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी के बोटा लदी दो जुगाड़ गाड़ी को जब्त किया। आम व कटहल प्रजाति के नौ बोटा लदी दोनों जुगाड़ गाड़ियों को बीट परिसर शिकारीपाड़ा लाया गया। अवैध लकड़ी के बोटा लदी दोनों जुगाड़ गाड़ी पश्चिम बंगाल जा रही थी। प्रभारी वनपाल श्री मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना पर शनिवार शाम को छापामारी की गयी। इस दौरान बेनागड़िया मलूटी सड़क पर चितरागड़िया मोड़ के पास वन विभाग की गाड़ी को देखते ही अवैध लकड़ी के बोटा लदी दो जुगाड़ गाड़ी को खड़ी कर चालक फरार हो गया। गाड़ी के चालक, मालिक व लकड़ी माफिया को चिह्नित किया गया है। वन विभाग की टीम में प्रभारी वनपाल के अलावा गजेंद्र मरांडी, आनंद महतो, माणिक मुर्मू, रमेश टुडू आदि वनकर्मी शामिल थे। फोटो- जब्त अवैध लकड़ी की बोटा लदी जुगाड़ गाड़ी।



## आभूषण दुकान में चोरी मामले में एक को जेल

**साहिबगंज/मंडरो:** मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव की बड़ी कार्रवाई करते हुए थानान्तर्गत मिर्जाचौकी आभूषण दुकान में चोरी के कांड का उद्भेदन कर तीन अभियुक्त को पुर्व में जेल भेज दिया गया था। मिर्जाचौकी थाना प्रभारी शनिवार को एक अभियुक्त मोहम्मद केफ अंसारी 22 बर्ष पिता स्वर्गीय सफरूदीन अंसारी को बिहार के पीरपैंती थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा अभियुक्त अपना मकान साहेबगंज जिला के सकरूगड बताया जा रहा है संबंध में बताया जाता है। कि विगत 22 दिसंबर 2024 को मिर्जाचौकी थानान्तर्गत मिर्जाचौकी बाजार में शांति ज्वेलर्स मधुसूदन स्वर्णकार आभूषणों की दुकान को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लेने की घटना कारित की गयी थी।

# मांदर की थाप पर झूमी महिलाएं, धूमधाम से मना सोहराय पर्व

**रानीश्वर/जामा/ मसलिया:** रानीश्वर प्रखंड मुख्यालय में मांझी थान जाहेरथान संवर्द्धन समिति की ओर से प्रखंडस्तरीय सोहराय पर्व मनाया गया। ग्राम प्रधानों ने परंपरा के अनुसार सोहराय पर्व मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा व सीओ शादां नुसरत भी उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि परंपरा के अनुसार प्रकृति की पूजा कर पर्व मनायें। ग्राम प्रधानों ने दोनों पदाधिकारी को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। समारोह में आदिवासी महिलाओं की टोली ने सोहराय गीत व नृत्य पेश किया। नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। इसमें सात सांस्कृतिक टोली ने भाग लिया। इसमें पहला स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 5000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 4000 व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 3000 रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। अन्य सभी टीमों को 2500-2500 रुपये देकर सम्मानित किया। मौके पर ग्राम प्रधान चुड़का हेंब्रम, शिव शंकर टुडू, रुसोराम वास्की, कुंवर हांसदा, कौशल, बाबूधन आदि उपस्थित थे। इधर, जामा में ग्राम प्रधान मांझी संगठन के प्रखंड इकाई की ओर से मरांग दाय सोहराय पर्व धूमधाम से मनाया गया। नाइकी बाबा गिराम मुर्मू ने संताली रीति से पूजा की। गौड़ टंडी में पांच मुर्गी और अंडा विधि विधान से देवी देवताओं को चढ़ाया। संताल समाज की खुशहाली की कामना की। महिला और पुरुष मांदर की थाप पर नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष विभूति भूषण यादव, बाबूलाल हांसदा, मुकेश मिश्रा, निर्मल रक्षित, पगान हांसदा, मोहनलाल मुर्मू, छवि मरांडी, शिबू सोरेन, मिसील हांसदा, घुमा हेंब्रम, अशोक हेंब्रम, मुखा हांसदा, हरीश मुर्मू, बुदीलाल मरांडी आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। मसलिया में भी ग्राम प्रधान मांझी संगठन सह मांझी थान जाहेर थान संवर्धन समिति की ओर से सोहराय पर्व मनाया गया। नायकी ने पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने संताली नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष हरिनारायण पंडित, सुनीराम हेंब्रम, द्वारिका मांझी, शिशिर मरांडी, राजेश हेंब्रम, नंदलाल दत्त, लुखिन सोरेन, सुशील मरांडी, श्रीमान मुर्मू व अन्य उपस्थित थे।

